
सूर्योदय प्रात: 5:54 | सूर्यास्त संध्या 5:59 | पखवाड़ा चैत्र शु. प्रतिपदा, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 32° न्यूनतम 19°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 19 मार्च 2026, वर्ष : 17, अंक : 34, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,704.13 | 633.29 (0.83%) |
| निफ्टी | 23,777.80 | 196.65 (0.83%) |

### सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,53,410.00 |
| चांदी | 2750.00 |


## प्रथम शैलपुत्री



वन्दे वांछितलाभाय चंद्रार्द्धकृतशेखराम। वृषारूढ़ा शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम।।

**नवरात्र** के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है, इसलिए इन्हें ही प्रथम दुर्गा कहा जाता है। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा। वृषभ-स्थिता इन माताजी के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बायें हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। मां शैलपुत्री की आराधना के लिए भक्तों को उपरोक्त मंत्र का जाप करना चाहिए, ताकि वे मां का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।

## माह-ए-रमज़ान



| आज का इफ्तार | कल की सेहरी |
|---|---|
| 6 : 01 | 4 : 40 |

## एक झलक

### जैसलमेर में पाकिस्तानी सीमा पर सेना का शक्ति प्रदर्शन

**जैसलमेर** : जैसलमेर में भारतीय सेना ने बैटलफील्ड थंडर अभ्यास के जरिये अपनी रॉकेट आर्टिलरी की ताकत का प्रदर्शन किया। पिनाका और बीएम-21 ग्रेड जैसे आधुनिक मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चरों ने सटीक और तेज हमलों से अपनी मारक क्षमता दिखायी। इस अभ्यास ने सन्देश दिया कि भारतीय सेना किसी भी चुनौती का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### संसद की 19-20 मार्च की बैठकें रद्द

**अब सदन 28-29 मार्च को काम करेगा**

**नयी दिल्ली** : संसद में इस हफ्ते गुरुवार और शुक्रवार को अवकाश होने के कारण अगले सप्ताहांत में शनिवार और रविवार को दोनों सदनों की बैठक आयोजित होगी। सदन के पटल पर 19-20 मार्च को रखे जाने वाले प्रश्न अब 23 मार्च को रखे जायेंगे। लोकसभा में पीठासीन सभापति जगदम्बिका पाल ने बुधवार को बताया कि लोकसभा ने त्योहारों की वजह से 19-20 मार्च की बैठकें रद्द कर दी हैं। इसके बदले अब सदन 28-29 मार्च (शनिवार-रविवार) को काम करेगा।

## कार्टून कोना




# आज से शुरू होंगे चैत्र नवरात्र, पूरे विधि-विधान से होगी कलश स्थापना

**हिन्दू** धर्म में चैत्र नवरात्र का पर्व आस्था, भक्ति और शक्ति की उपासना का सबसे पवित्र समय माना जाता है। मान्यता है कि नवरात्र के इन नौ दिनों में मां दुर्गा पृथ्वी पर अपने भक्तों के बीच आती हैं और उनकी सच्ची श्रद्धा से की गयीं प्रार्थनाओं को स्वीकार करती हैं। हिन्दू पंचांग के अनुसार, चैत्र नवरात्र की शुरूआत 19 मार्च, गुरुवार से होगी और इसका समापन 27 मार्च, शुक्रवार को होगा। पूरे नौ दिनों तक चलनेवाले इस पर्व में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। हर दिन देवी के एक विशेष रूप को समर्पित होता है और उसी के अनुसार भक्त पूजा-अर्चना करते हैं। इन दिनों श्रद्धालु व्रत रखते हैं, मां दुर्गा की आरती करते हैं और घरों में कलश स्थापना कर देवी का आह्वान करते हैं। नवरात्र की शुरूआत प्रतिपदा तिथि पर होनेवाली घटस्थापना यानी कलश स्थापना से होती है। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### किस दिशा में बैठ कर करें नवरात्र की पूजा ?

**हिन्दू** मान्यता के अनुसार, यदि कोई कार्य सही समय पर सही दिशा में किया जाये, तो उसमें जरूर सफलता प्राप्त होती है। ऐसे में नवरात्र की पूजा भी शुभ मुहूर्त में करने के साथ ही साथ सही दिशा में बैठ कर करनी चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, साधक को हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में बैठ कर ही नवरात्र की पूजा करनी चाहिए। वास्तु नियमों के अनुसार, ईशान कोण देवी पूजा के लिए अत्यधिक शुभ और फलदायी माना गया है। इसी प्रकार पूजा करते समय आपका मुख भी उत्तर, पूर्व या फिर उत्तर-पूर्व दिशा की ओर होना सबसे उत्तम होता है।

### मां शैलपुत्री की पौराणिक कथा

**पौराणिक** मान्यताओं के अनुसार, एक बार प्रजापति ने यज्ञ किया, तो इसमें सारे देवताओं को निमंत्रण मिला लेकिन भगवान शिव को नहीं बुलाया गया। तब भगवान शिव ने मां सती से कहा कि यज्ञ में सभी देवताओं को आमंत्रित किया गया है, लेकिन मुझे नहीं। ऐसे में मेरा वहां पर जाना सही नहीं है। माता सती का प्रबल आग्रह देख कर भगवान शंकर ने उन्हें यज्ञ में जाने की अनुमति दे दी। सती जब घर पहुंची, तो उन्हें केवल अपनी मां से ही स्नेह मिला। उनकी बहनें व्यंग्य और उपहास करने लगीं, जिसमें भगवान शंकर के प्रति तिरस्कार का भाव था।

### कलश स्थापना का सही तरीका क्या है ?

**आप** जब कलश स्थापना करेंगे, तो इसमें आपकी श्रद्धा, भक्ति और मनवांछित इच्छा शामिल होनी चाहिए। स्थापना के समय नौ लौंग ले सकते हैं। उन्हें कलावे में बांध कर माला बना लीजिए और माता के गले में पहले दिन अर्पित कीजिए। इससे मां का सम्पूर्ण और अच्छा आशीर्वाद आपके ऊपर बना रहेगा। पंडित शिप्रा ने कहा कि कलश के लिए आप सोने, चांदी या किसी भी धातु का कलश ले सकते हैं, लेकिन सबसे शुभ मिट्टी का कलश माना जाता है।

# झारखंड में वीबी-जी राम-जी नहीं, मनरेगा रहेगा नाम

**विधानसभा में मनरेगा को यथावत रखने का संकल्प पारित, 150 दिन रोजगार की मांग**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को मनरेगा को उसके पुराने नाम से ही जारी रखने का संकल्प पारित किया गया। यह संकल्प राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में पेश किया।

संकल्प में केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 'वीबी-जी राम-जी' अधिनियम की जगह मनरेगा को ही जारी रखने की बात कही गयी। साथ ही, मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया।

सदन में प्रस्तुत प्रस्ताव में कहा गया कि 'वीबी-जी राम-जी' अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि इससे रोजगार की कानूनी गारंटी, मानव दिवसों की सुरक्षा, ग्राम सभा की शक्तियों और राज्य के वित्तीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए राज्य के हित में मनरेगा को ही जारी रखना आवश्यक है।

इसके अलावा, 05 जनवरी-2026 को इस विषय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयक थी, जिसमें उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य सम्बन्धित पक्ष शामिल हुए थे। समीक्षा के बाद इस अधिनियम को लेकर कई चिन्ताएं जतायी गयीं। संकल्प में यह भी कहा गया कि नये प्रावधानों से काम मांगने पर रोजगार मिलने की कानूनी गारंटी समाप्त हो सकती है, काम के दिनों में कमी आ सकती है, महिलाओं के सशक्तीकरण पर असर पड़ेगा और पलायन बढ़ने की आशंका है। साथ ही, इससे राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है।



### गूंजा राशन डीलरों का कमीशन और आउटसोर्सिंग घोटाले का मुद्दा

**झारखंड** विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन बुधवार को सदन में राशन डीलरों के कमीशन और आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में अनियमितताओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव ने परिवहन/वितरण प्रणाली (ट्रांसपोर्टेशन/ डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) के तहत मिलनेवाले कमीशन को बढ़ाने की मांग उठायी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डीलरों को मिलनेवाला कमीशन पर्याप्त नहीं है, जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि डीलर दो किलोग्राम तक अनाज कम दे देते हैं, तो उसे गलत नहीं माना जाता, ऐसे में ● शेष पृष्ठ 11 पर



### धान खरीद, पीडीएस और मुआवजा भुगतान का उठा मुद्दा

**झारखंड** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को सदन में धान खरीद, पीडीएस व्यवस्था और मुआवजा भुगतान जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। विभिन्न विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठायीं, जिस पर सम्बन्धित मंत्रियों ने सरकार का पक्ष रखते हुए जवाब दिया। गढ़वा जिले में धान खरीद को लेकर विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि अब तक 50 प्रतिशत भी खरीद पूरी नहीं हो पायी है और किसानों से धान खरीद के दौरान बायोमेट्रिक सत्यापन भी नहीं किया जा रहा है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दावा किया कि गढ़वा में लक्ष्य से अधिक धान की खरीद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि दो लाख क्विंटल के लक्ष्य ● शेष पृष्ठ 11 पर



# औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 'भव्य' को मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्र सरकार औद्योगिक विकास को गति देने के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) लायी है। इसके तहत देशभर में 100 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किये जायेंगे। सरकार ने इनके लिए 33,660 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पत्रकार वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 100 से 1000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्कों का विकास किया जायेगा। प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। वित्तीय सहायता मूलभूत अवसंरचना (आंतरिक सड़कें, भूमिगत उपयोगिताएं, जल निकासी व्यवस्था, सार्वजनिक उपचार सुविधाएं, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी एवं प्रशासनिक प्रणालियां), मूल्यवर्धित अवसंरचना (तैयार कारखाने के शेड, आवश्यकतानुसार निर्मित इकाइयां, परीक्षण प्रयोगशालाएं, भंडारण) और सामाजिक अवसंरचना (श्रमिकों के लिए आवास एवं सहायक सुविधाएं) के विकास के लिए होगी।

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) ढांचे के तहत विकसित औद्योगिक स्मार्ट शहरों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, भव्य परियोजना को राज्यों और निजी क्षेत्र के भागीदारों के साथ मिलकर कार्यान्वित किया जायेगा। बाह्य अवसंरचना के लिए परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक का समर्थन भी प्रदान किया जायेगा, जिससे निर्बाध कनेक्टिविटी और मौजूदा नेटवर्क के साथ एकीकरण सुनिश्चित होगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर




## सीसीआई को 1,718 करोड़ की एमएसपी फंडिंग की मंजूरी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षतावाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने देश में भारतीय कपास निगम (सीसीआई) को 2023-24 सीजन के लिए 1,718.56 करोड़ रुपये की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की फंडिंग को मंजूरी दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बाराबंकी-बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे को मंजूरी

**केन्द्र** सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए बाराबंकी से बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर कुल 6969.04 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसे हाइब्रिड एन्युटी मोड (एचएएम) के तहत विकसित किया जायेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव बताया कि करीब 101.515 किलोमीटर लंबा यह हाई-वे बाराबंकी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## कैबिनेट ने 2,584 करोड़ रुपये के 'लघु जल विद्युत (एसएचपी) विकास योजना' को मंजूरी दी

**केन्द्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 से लेकर अगामी वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए 1500 मेगावाट क्षमता वाली 2584.60 करोड़ रुपये के लघु जल विद्युत (एसएचपी) विकास योजना को भी मंजूरी दे दी। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए 'लघु जल विद्युत (एसएचपी) विकास ● शेष पृष्ठ 11 पर

# सेवानिवृत्ति अंत नहीं, नयी जिम्मेदारियों की शुरुआत : सी.पी. राधाकृष्णन

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने आगामी अप्रैल से जुलाई के बीच अपना कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति को अंत नहीं, बल्कि नयी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की शुरूआत के रूप में देखना चाहिए। सभापति ने अपने सम्बोधन में कहा कि संविधान के प्रावधानों के अनुसार हर दो वर्ष में सदन के एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं, जिससे सदन की कार्यप्रणाली में निरन्तरता बनी रहती है और नये सदस्यों को अपने विचार रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, जो अनुभव और नयी ऊर्जा के संतुलन को बनाये रखती है। सेवानिवृत्ति अंत नहीं, बल्कि नयी जिम्मेदारियों की शुरूआत है। यह परम्परा नये सदस्यों को अवसर देने के साथ-साथ अनुभवी सदस्यों के मार्गदर्शन को भी बनाये रखती है। सेवानिवृत्त सदस्य अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से आगे भी सार्वजनिक जीवन में योगदान देते रहेंगे।

# आदिवासी कारीगरों को मिलेगा मंच रीसा टाइमलेस ट्राइबल ब्रांड लॉन्च

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : आदिवासी कारीगरों को मंच देने के लिए केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय ने रीसा-टाइमलेस ट्राइबल नाम से ब्रांड की शुरूआत की। सुन्दर नर्सरी में बुधवार को देश की आदिवासी कला और परम्पराओं को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम ने रीसा टाइमलेस ट्राइबल नाम से एक प्रीमियम सिग्नेचर ब्रांड लॉन्च किया है। इस मौके पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव रंजना चोपड़ा, एम राजामुरुगन और प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि रीसा ब्रांड की शुरूआत ● शेष पृष्ठ 11 पर



# एलपीजी सिलिंडर बुकिंग के बाद इंतजार करें वितरणकर्ताओं के यहां लाइन लगाने से बचें : सरकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्र सरकार ने लोगों से अपील की है कि लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलिंडर की बुकिंग के बाद इंतजार करें और वितरणकताओं के यहां लाइन लगाने से बचें। वर्तमान में एलपीजी की स्थिति चिन्ताजनक बनी हुई है, लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं को पर्याप्त वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, बुकिंग के लिए अब 93 प्रतिशत लोग ऑनलाइन तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार ने लोगों से अफवाहों पर विश्वास नहीं करने और गैस का उचित उपयोग करने को कहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भले ही कीमतें बढ़ रही हों, फिलहाल भारत में डीजल-पेट्रोल की कीमतों में कोई इजाफा नहीं होगा। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि कच्चे तेल की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

# राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता, जनसेवा सदन के बाहर भी जारी रहती है : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अप्रैल से जुलाई के बीच सेवानिवृत्त हो रहे राज्यसभा के 59 सदस्यों को विदाई देते हुए कहा कि राजनीति में कभी 'पूर्ण विराम' नहीं होता और जनसेवा का कार्य सदन के बाहर भी निरन्तर जारी रहता है। उन्होंने कहा कि संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि एक 'ओपन यूनिवर्सिटी' है, जहां हर सदस्य को सीखने, विचार साझा करने और खुद को विकसित करने का अवसर मिलता है।



राज्यसभा में आयोजित विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सदन में विभिन्न विषयों पर होनेवालीं चचाओं में हर सदस्य का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने स्वीकार किया कि कार्यकाल के दौरान खट्टे-मीठे अनुभव भी सामने आते हैं, लेकिन विदाई के समय सभी दलगत सीमाओं से ऊपर उठ कर एक समान भावना व्यक्त करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विदाई ले रहे कुछ सदस्य भविष्य में फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ अपने अनुभवों के आधार पर सामाजिक जीवन में नये योगदान की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, 'जो सदस्य जा रहे हैं, उन्हें मैं कहना चाहता हूं कि राजनीति में कोई फुल स्टॉप नहीं होता है। भविष्य आपका इंतजार कर रहा है और आपका अनुभव राष्ट्र जीवन में हमेशा उपयोगी रहेगा।'

अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने एचडी देवगौड़ा, मल्लिकार्जुन खड़गे और शरद पवार आदि वरिष्ठ नेताओं के योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि लम्बे संसदीय अनुभव वाले नेताओं से नयी पीढ़ी को बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा संसदीय कार्यप्रणाली को समर्पित किया है और उनका अनुभव लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रधानमंत्री ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की सराहना करते हुए उन्हें मृदुभाषी और कुशल संचालक बताया। उन्होंने कहा कि सदन को सुचारु रूप से चलाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। साथ ही, उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हरिवंश सदन के बाहर भी युवाओं के बीच सक्रिय रहते हैं और उन्हें देश की परिस्थितियों से अवगत कराने का कार्य करते हैं।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने रामदास अठावले के हास्यपूर्ण और व्यंग्यात्मक अंदाज का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में 247 मीडिया के कारण सदन में हास्य-विनोद के अवसर कम हो गये हैं, लेकिन अठावले अपने अंदाज से वातावरण को सहज बनाये रखते हैं और लोगों को जोड़ने का कार्य करते हैं।


प्रधानमंत्री ने संसदीय प्रणाली में 'सेकेंड ओपिनियन' की अवधारणा को लोकतंत्र की बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि एक सदन में लिये गये निर्णय दूसरे सदन में विचार के लिए जाते हैं, जिससे निर्णय प्रक्रिया और अधिक समृद्ध और व्यापक बनती है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 28 को

**उत्तर** प्रदेश में नवनिर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को करेंगे। इस बात का एलान खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को अपनी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल पूरे होने पर आयोजित एक समारोह में इसकी घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यहां लोकभवन में 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्य सरकार के नौ साल के कार्यकाल के दौरान की उपलब्धियों की एक किताब का भी विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने जेवर एयरपोर्ट को उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का गेम-चेंजर बताते हुए कहा कि इससे भविष्य में एक लाख करोड़ रुपये की कमाई होने की उम्मीद है। उन्होंने पिछली सरकारों पर चुटकी लेते हुए कहा कि कुछ लोग 'नोएडा' जाने से डरते थे, लेकिन हमारी सरकार ने वहां जाकर निवेश का माहौल बनाया।

## एक झलक

### नितिन गडकरी से केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची :** नयी दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिष्टाचार मुलाकात किया। उन्हें रांची सहित झारखंड राज्य में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की गति प्रगति से अवगत कराया। सड़क अवसंरचना को और भी सुदृढ़ करने के विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। झारखंड में बेहतर कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा नयी योजनाओं के माध्यम से परिवहन सुविधाओं को और सशक्त बनाने पर भी बातचीत हुई।

### वृद्ध व्यक्ति का डालसा बना सहारा, पहुंचाया गया वृद्धा आश्रम



**रांची :** न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष श्री अनिल कुमार मिश्रा-1, के निर्देश पर डालसा सचिव श्री राकेश रौशन के मार्गदर्शन में एक वृद्ध व्यक्ति जो मोरहाबादी स्थित दिव्यान क्षेत्र में भटक रहे थे। डालसा टीम के द्वारा पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि उसका नाम गौरीशंकर झा है वह कई दिनों से क्षेत्र में भटक रहे थे, उसका कोई मदद नहीं कर रहा था। वृद्ध व्यक्ति काफी दिनों से भुखा था और पहनने के लिए उसके पास प्रयाप्त वस्त्र भी नहीं थे। रहने का कोई ठिकाना भी नहीं था। वृद्ध व्यक्ति अपने रिश्तेदार का नाम-पता बताने में असमर्थ है। उनके रिश्तेदारों ने भी उनका कोई मदद नहीं किया। सूचना मिलते ही डालसा सचिव ने एक टीम का गठन किया जिसमें पीएलवी प्रदीप नाग, संध्या कुमारी और मानव कुमार ने उसका हालचाल जाना, समस्या को सुना और त्वरित कार्रवाई करते हुए मोरहाबादी स्थित झारखंड स्वाभिमान वृद्धाआश्रम चिरौंदी, रांची में रखवाया।

### भीम ऐप के ब्रांड एंबेसडर बने एमएस धोनी, डिजिटल पेमेंट्स में भरोसे और विस्तार पर जोर




**रांची :** एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल) ने पूर्व भारतीय कप्तान और विश्व कप विजेता महेंद्र सिंह धोनी को भीम पेमेंट्स ऐप का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है, जिसे कंपनी ने अपने अगले विकास चरण में स्केल, समावेशन और यूजर भरोसे को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया है। कंपनी के अनुसार यह साझेदारी भरोसे, निरंतरता और विश्वसनीयता जैसे मूल्यों को दर्शाती है, जहां भीम एनपीसीआई के मजबूत डिजिटल पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित सुरक्षित प्लेटफॉर्म के रूप में देशभर में अपनी पहचान बना चुका है, वहीं धोनी अपने शांत स्वभाव और दबाव में भरोसेमंद प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। एनबीएसएल की प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललिता नटराज ने कहा कि डिजिटल पेमेंट्स के तेजी से विस्तार के बीच अब फोकस यूजर की पसंद और भरोसे को और मजबूत करने पर है और धोनी को जोड़ने का उद्देश्य भीम को हर भारतीय परिवार के लिए पसंदीदा ऐप बनाना है। वहीं धोनी ने कहा कि भीम की सरलता और देशभर में इसकी सुलभता उन्हें इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करती है और डिजिटल लेन-देन में यूजर्स का आत्मविश्वास बढ़ाना जरूरी है। कंपनी के अनुसार द्भभारत का अपना पेमेंट्स ऐपद्ध के रूप में पुनर्स्थापन के बाद भीम ने टियर-1, टियर-2 और टियर-3 शहरों में अपनी पहुंच बढ़ाई है, ऐप 15 से अधिक क्षेत्रीय भाषाओं को सपोर्ट करता है और कम इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों के लिए अनुकूलित है, जिससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में डिजिटल पेमेंट्स को बढ़ावा मिल रहा है, जबकि रिवॉर्ड आधारित पहल और मर्चेंट साझेदारियों के जरिए यूजर जुड़ाव को भी मजबूत किया जा रहा है।

# सदन चलाने में सत्तापक्ष व विपक्ष का सहयोग उत्कृष्ट उदाहरण : स्पीकर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र 2026 के दौरान बुधवार को सदन की कार्यवाही की दूसरी पाली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जवाब के साथ ही स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इस अवसर पर सदन में स्पीकर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का तृतीय अनुपूरक बजट और वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट, जिसकी कुल राशि एक लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये है। यह बजट राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्पीकर ने अपने समापन संबोधन में कहा कि 18 फरवरी 2026 से लेकर 18 मार्च 2026 तक संचालित इस बजट सत्र में 17 कार्य दिवस रहा और यह सत्र 19 मार्च तक प्रस्तावित था। लेकिन 14 मार्च को अवकाश के दिन सदन का कार्य किया गया, इसलिए, एक दिन पूर्व आज ही सत्र समापन हो गया। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि इस बजट सत्र में कुल 242 अल्पसूचित प्रश्न स्वीकृत किये गये, जिनमें से 62 प्रश्नों के उत्तर सदन में दिये गये। इसी प्रकार कुल 758 तारांकित प्रश्न पूछे गए, जिनमें से 57 प्रश्नों का उत्तर सदन में दिया गया। ध्यानाकर्षण सूचनाओं की बात करें तो कुल 72 ध्यानाकर्षण सूचनाएं ली गई, जिनमें से 55 का उत्तर सदन में दिया गया। इस सत्र के दौरान कुल 96 निवेदन प्राप्त हुए। शून्यकाल की सूचनाएं कुल 400 स्वीकृत हुई।

**निर्धारित समय से लगभग 112 प्रतिशत तक चला सदन**

स्पीकर ने कहा कि इस सत्र में दो महत्वपूर्ण वित्तीय विधेयक पारित किए गए। सत्र के दौरान सदन की कार्यक्षमता भी उल्लेखनीय रही। जहां इस सत्र के लिए कुल 66 घंटे का समय निर्धारित किया गया था, वहीं सदन ने कुल पौने 74 घंटे काम किया, जो निर्धारित कार्य का लगभग 112 प्रतिशत है। सदन में सभी सदस्य सत्तापक्ष हों या विपक्ष, सदन की कार्यवाही को गरिमा, संयम और सहयोग की भावना से संचालित करने में योगदान दिया, वह लोकतांत्रिक परम्पराओं का उत्कृष्ट उदाहरण है। स्पीकर ने कहा कि झारखंड राज्य एक युवा और अपार संभावनाओं से भरा राज्य है। इस सत्र के दौरान जो चर्चाएं, निर्णय और विधेयक पारित हुए हैं, वे निश्चित रूप से राज्य के विकास को नई दिशा देंगे। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम इस सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दें। लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएं। सत्र के सफल संचालन में उन्होंने मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन, मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेता और अन्य सदस्यों, विधानसभा सचिवालय के सभी पदाधिकारी-कर्मियों, राज्य सरकार के अधिकारियों, सुरक्षा बल और मीडिया के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सदन केवल भवन नहीं, एक संकल्प है, झारखंड के उज्ज्वल भविष्य का विकल्प है। उन्होंने राज्यवासियों को ईद-उल-फितर, सरहुल, रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राईडे की बधाई दी।

## बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि उन्होंने झारखंड विधानसभा परिभ्रमण के अवसर पर झारखंड विधानसभा की महिला बाल विकास समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा एक-दूसरे के कार्यों के अनुभव भी साझा किये। मौके पर झारखंड विधानसभा की महिला बाल विकास समिति की सभापति विधायक कल्पना सोरेन उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री से मुलाकात करनेवालों में बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण समिति की अध्यक्ष डॉ. कुमुद वर्मा, सदस्य रीना यादव, मुन्नी देवी एवं निवेदिता सिंह सहित अन्य शामिल थीं।

### गणगौर सिंधारा का हुआ आयोजन, महिलाओं ने की मस्ती

# बसंत मेले के दूसरे दिन खूब हुई खरीदारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच, रांची द्वारा आयोजित बसंत मेले के दूसरे दिन 18 मार्च को महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। स्टॉल में सुबह से ही काफी रौनक लगी हुई थी। सभी उद्यमी बहनें काफी खुश नजर आ रही थीं। घर के बने केक, पेस्टी, चॉकलेट पॉप्स बच्चों और महिलाओं को काफी पसंद आए। लड्डू गोपाल की पोशाक एवं गहनों की खूब सराहना की। शाम को गणगौर के उपलक्ष्य में बहू बेटियों का सिंधारा किया गया, जिसमें सृजन शाखा की बहनें एवं अन्य महिलाओं ने गणगौर पूजा एवं नृत्य के माध्यम से उत्सव मनाया। 16 दिनों तक गणगौर पूजन को पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में महिलाओं ने राजस्थानी गीतों पर नृत्य किया जिससे वातावरण पूरी तरह रंगीन और खुशहाल हो गया। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंधारा अर्पित किया और साथ ही बसंत के मौसम का आनंद लिया। इस मौके पर सभी ने एकजुट होकर पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत किया और पुराने रीति रिवाज को जीवित रखा। बहनों ने लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया। सभी बहनों ने खूब आनंद लिया। सृजन शाखा की अध्यक्ष नेहा सरावगी अपनी टीम के साथ उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपा अग्रवाल, नैना मोर, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, अनुसूया नेवटिया, रीना सुरेखा, बीना मोदी, मंजू केडिया, प्रीती बंका, मंजू गाड़ोदिया, प्रीती पोद्दार, छाया अग्रवाल, सीमा पोद्दार, सरिता मोदी, सुनीता सरावगी, सीमा टाटिया, सरिता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, लक्ष्मी पाटोदिया, प्रीति फोगला, शोभा हेतमसरिया, करुणा अग्रवाल, मीना अग्रवाल, कमला विजयवर्गीय, ललिता नारसरिया, सहित अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

### मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को 'झारखंड राइजिंग ए ग्लोबल स्टोरी' पुस्तक व कॉफी टेबल बुक सप्रेम भेंट की

# राज्य सरकार ने विकासात्मक कार्यों की समग्र जानकारी समाहित की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को राज्य सरकार की ओर से प्रकाशित 'झारखंड राइजिंग ए ग्लोबल स्टोरी' पुस्तक तथा कॉफी टेबल बुक सप्रेम भेंट की। 'झारखंड राइजिंग ए ग्लोबल स्टोरी' पुस्तक में राज्य सरकार की ओर से विगत जनवरी माह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्य प्रतिनिधिमंडल के दावोस एवं यूनाइटेड किंगडम (लंदन) दौरे का विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित है तथा कॉफी टेबल बुक में राज्य सरकार द्वारा किये गये विकासात्मक कार्यों की समग्र जानकारी समाहित की गयी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को 'झारखंड राइजिंग ए ग्लोबल स्टोरी' पुस्तक एवं कॉफी टेबल बुक सप्रेम भेंट की।

## कल्पना संग हेमन्त ने माही जायसवाल को दिया सुखद दाम्पत्य का आशीर्वाद



- **विधायक नवीन जायसवाल की पुत्री हैं माही जायसवाल**
- **विवाह उपरांत आयोजित आशीर्वाद समारोह में सपत्नी सम्मिलित हुए सीएम**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन बुधवार को हटिया विधायक नवीन जायसवाल के दीपाटोली, कटहल मोड़, रांची स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां विधायक नवीन जायसवाल की पुत्री माही जायसवाल के विवाह उपरांत आयोजित आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवदम्पति वर-वधू को आशीर्वाद दिया तथा उनके सुखद वैवाहिक जीवन के लिए उन्हें शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई दी। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने भी नवविवाहित जोड़े को मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधायक नवीन जायसवाल एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर प्रसन्नता व्यक्त की।

### एनयूएसआरएल में सरहुल की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम

## आदिवासी संस्कृति और प्रकृति का है गहरा रिश्ता : महादेव टोप्पो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (ठवरफ्छ), रांची के सेंटर फॉर स्टडी एंड रिसर्च इन ट्राइबल राइट्स द्वारा सरहुल की पूर्व संध्या पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखक, कवि एवं समाज सुधारक महादेव टोप्पो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक स्वागत गान एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। छात्रों ने सरहुल के महत्व और समाज में उसकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए साथ ही, बाहा पर्व के इतिहास, परंपरा और महत्व को दशार्ते हुए एक छात्रों ने नाटक का मंचन भी किया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल ने अपने संबोधन में सरहुल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आदिवासी समाज अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखेगा, तो आने वाली पीढ़ियां प्रकृति के महत्व को बेहतर ढंग से समझ पाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय विभिन्न सेंटर और समितियों के माध्यम से छात्रों को समाज और प्रकृति से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूक कर रहा है तथा ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## क्लासरूम टीचिंग को प्रभावी बनाने के लिए ट्रेनी टीचर्स व शिक्षकों को लेकर साइबर व डेटा सिक्योरिटी की समझ बेहद जरूरी : डॉ. नितिन पुरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कांके रांची (इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन, रांची, झारखंड) में रोल ऑफ ई एल टी एंड बेसिक्स ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस फॉर पैडागोजी टीचिंग* विषय पर एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षकों–अमित कुमार सानू, अचिंत्य, मनीष, विजय तिरु, सरुप, आकृति भारद्वाज, शिवम, अमन प्रभात, श्रीकांत कुमार राणा, अमित कुमार सिंह, प्रविंद, आदर्श, तनवीर, आलोक, सोमनाथ एवं प्रेम प्रभात–ने सक्रिय सहभागिता करते हुए एआई, डेटा साइंस एवं एछळ के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी भारत सरकार झारखंड-बिहार के कार्यकारी निदेशक (प्रो.) डॉ. नितिन पूरी ने अपने संबोधन में कहा कि साइबर सिक्योरिटी एवं डेटा सिक्योरिटी आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत बन चुकी है, विशेष रूप से शिक्षकों और ट्रेनी टीचर्स के लिए, ताकि वे क्लासरूम टीचिंग को अधिक प्रभावी और सुरक्षित बना सकें। उन्होंने विभिन्न कोर्सेज की जानकारी देते हुए बताया कि बी.एड. के साथ-साथ भी इन पाठ्यक्रमों को किया जा सकता है तथा इंटर्नशिप की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

## झारखंड विधानसभा में गूंजी सुड़ी समाज की मांग : विधायक जयराम कुमार महतो का समाज ने व्यक्त किया आभार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र 2026 के दौरान डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने राज्य के सुड़ी समाज की वर्षों पुरानी और न्यायसंगत मांग को पूरी प्रखरता के साथ सदन के पटल पर रखा। जब पश्चिम बंगाल, असम, मिजोरम और त्रिपुरा जैसे पड़ोसी राज्यों में सुड़ी समाज को पहले से ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त है, तो झारखंड में इन्हें इस अधिकार से वंचित रखना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि झारखंड के सुड़ी समाज की जीवनशैली, संस्कृति और परंपराएं अन्य राज्यों के अनुसूचित जाति में शामिल सुड़ी समाज के बिल्कुल समान हैं। माननीय विधायक का आभार प्रकट करने हेतु आज दिनांक 18/03/2026 को झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल विधायक आवास (नया विधानसभा के समीप) पहुंचा।

## सरहुल रंग आर्ट कैम्प में झलकी झारखंड की संस्कृति और परम्परा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स, कलाकृति आर्ट फाउंडेशन एवं सोहराई आर्ट झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में 'सरहुल रंग-प्रकृति और परंपरा' नामक दो दिवसीय चित्रकला शिविर सह कार्यशाला का सफल आयोजन 17झ18 मार्च 2026 को डोरंडा सेंटर में किया गया। इस कला शिविर में 12 से 25 वर्ष आयु युवा कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक जीवनशैली तथा सरहुल पर्व के उल्लास को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कलाकारों ने प्रकृति, जनजातीय संस्कृति, सोहराय एवं सरहुल की पारंपरिक कला शैलियों को रंगों में उकेरते हुए पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चित्रकार एवं कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के संस्थापक धनंजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा, सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। ऐसे कला शिविर युवा कलाकारों को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। हमें अपनी पारंपरिक कलाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना होगा, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सके। उन्होंने आगे कहा कि युवा कलाकारों की सक्रिय भागीदारी और उनकी रचनात्मकता इस बात का प्रमाण है कि झारखंड की कला और संस्कृति का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों को न केवल चित्रकला का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ, बल्कि उन्हें झारखंड की लोक परंपराओं एवं त्योहारों के महत्व से भी अवगत कराया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, सृजनशीलता और सांस्कृतिक गौरव का वातावरण बना रहा। सरहुल के अवसर पर चयनित चित्रों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी तथा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मनस्वी तिग्गा, जया कुमारी, पीहू पल्लवी, आकृति, अंजलि, तुषार, निरुपम, विवान, रिद्धि, शाश्वत, आर्यन सहित अन्य विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## चयनित जिला अध्यक्षों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर, राहुल गांधी करेंगे शिरकत

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 'संगठन सृजन' अभियान के तहत देशभर में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों का चयन किया गया है। इसी क्रम में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चयनित जिला अध्यक्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उक्त क्रम में झारखंड एवं ओडिशा के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के लिए 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन झारखंड के चाईबासा (पश्चिम सिंहभूम) स्थित ट्राइबल रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 22 मार्च से 31 मार्च 2026 तक संचालित होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना, जिला स्तर पर नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। शिविर में जनसंपर्क, संगठन विस्तार, राजनीतिक रणनीति एवं जनहित के मुद्दों पर प्रभावी कार्यशैली जैसे विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## रांची नगर निगम महापौर/वार्ड पार्षद एवं बुंडू नगर पंचायत अध्यक्ष/वार्ड सदस्य का शपथ ग्रहण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची नगर निगम महापौर/वार्ड पार्षद एवं बुंडू नगर पंचायत अध्यक्ष/वार्ड सदस्य का शपथ ग्रहण 19.03.2026 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से समाहरणालय भवन, ब्लॉक-अ, कमरा संख्या-207 एवं 608 में निर्धारित है। शपथ ग्रहण पूर्ण होने के पश्चात रांची नगर निगम के उपमहापौर एवं बुंडू नगर पंचायत के उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाना है। इस अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर, रांची द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत रांची समाहरणालय भवन परिसर में निषेधाज्ञा जारी की गई है, जो निम्न हैः

1. उक्त क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)।
2. किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।
3. किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा भाला आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।
4. किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना।
5. किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोडकर)।

### डालसा सचिव की अध्यक्षता में पीएलवी की क्षमता निर्माण कार्यक्रम सम्पन्न

# नालसा योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दे पीएलवी : डालसा सचिव

- साथी, जागृति आशा, डॉन, संवाद, साथी, नालसा वाइल्ड लाइफ एवं जागृति योजना पर किया गया फोकस




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायायुक्त के नेतृत्व में डालसा सचिव की अध्यक्षता में कान्फ्रेंश हॉल, रांची में लगभग 180 कार्यरत पीएलवी के साथ डालसा सचिव ने बैठक की। बैठक में उपस्थित पी.एल.वी. के किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी एवं कार्यरत सभी पीएलवी की क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत उन्हें कई दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक को संबोधित करते हुए डालसा सचिव ने सभी पीएलवी से कहा कि गांवों, कस्बों व मुहल्लों में नालसा एवं झालसा स्कीम की समुचित जानकारी ग्रामीणों व असाहय लोगों को दें। आगे उन्होंने कहा कि साथी, आशा, जागृति, डॉन, आशा, नालसा वाईल्ड लाईफ एवं आशा योजनाओं की जानकारी लोगों को दें, लोग जागरूक होंगे, तभी उक्त योजनाओं का लाभ मिलेगा। डालसा सचिव ने पीएलवी के दायित्वों पर मुख्य रूप से फोकस किये। उन्होंने उपस्थित पीएलवी को निर्देश दिये कि पीड़ित महिलाओं को चिन्हित करें, जिनको मुआवजा नहीं मिला हैं, उनका आवेदन डालसा कार्यालय में जमा कराकर, मुआवजा प्रदान करने में लाभुकों का मदद करें। जरूरतमंदों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बारे में बताये एवं उन्हें सरकार द्वारा मिलनेवाली लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताये, ताकि गरीब-तबके के लोग लाभ ले सकें। अंत में डालसा सचिव ने सभी पी.एल.वी. के द्वारा किये गये कार्यों का भी अवलोकन किया और उन्हें अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिये। बैठक में डालसा सचिव राकेश रौशन, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार सिन्हा, डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिंह, सहायक एलएडसी अनुप कुमार, वीरेन्द्र प्रताप, सौरभ पांडे, स्वीकृति विनाया समेत जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के सभी कार्यरत पीएलवी उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 18 मार्च को रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा, केंद्रीय समिति के प्रमुख पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों एवं सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफ करने, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमलों, हत्या, लूट, रंगदारी की मांग, रामगढ़ जिले में जीएम लैंड की रसीद निर्गत करने आदि को लेकर चर्चा की गई। तत्पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अपनी मांगों को लेकर फिर से आंदोलन और अभियान तेज किया जायेगा। इसके तहत तय किया गया कि शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया के जयंती पर 23 मार्च को रांची के आलोका सभागार में आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार दो सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जबकि वैश्य दिवस के अवसर पर 23 अप्रैल को रामगढ़ में वैश्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. इसकी तैयारी के लिए सभी केंद्रीय पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों को सूचना भेजी जायेगी। दोनों कार्यक्रमों में वैश्य समाज के वरीय नेताओं एवं बुद्धिजीवियों को भी आमंत्रित किया जायेगा।

## एक झलक

### जमीन विवाद में बहूभोज बना रणक्षेत्र, 11 पर जानलेवा हमले की शिकायत

**सिन्दरी (धनबाद)**: सोमवार देर रात गौशाला क्षेत्र में आयोजित एक बहूभोज कार्यक्रम अचानक हिंसा में बदल गया। निखिल हलधर के घर आयोजित इस कार्यक्रम में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में जख्मी विनोद कुमार सिंह ने 11 लोगों के खिलाफ सिंदरी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि लाठी-डंडे, गुप्ती और तलवार से हमला कर उन्हें और उनके भाई लाल मोहन सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों का इलाज बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में चल रहा है। वहीं दूसरे पक्ष के सिदाम धीवर भी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं, जिनका धनबाद में उपचार जारी है और उनके सिर में 17 टांके लगाए गए हैं। शिकायत में बावन धीवर, सरोज धीवर, प्रकाश मंडल समेत कुल 11 लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

### एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में 1190 वाहनों की जांच, संदिग्धों की पहचान सत्यापित

**धनबाद** : जिले में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर बुधवार को शाम से लेकर रात तक व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान संचालित किया। इस दौरान कुल 1190 वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य आवश्यक कागजातों का सत्यापन किया। जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे या सही नहीं पाए गए, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई तथा चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की भी तलाशी ली गई और उनकी पहचान का सत्यापन किया गया। एसएसपी ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखना और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा कायम करना है।
पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे जांच के दौरान सहयोग करें और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### श्री रानी सती मंदिर में 21 मार्च को सिंधारा उत्सव, निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

**झरिया (धनबाद)**: झरिया के लक्ष्मणिया मोड़ स्थित श्री रानी सती मंदिर में बुधवार को आयोजित बैठक में आगामी 21 मार्च को गणगौर एवं सिंधारा उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता द्वारका प्रसाद गोयनका ने की। बैठक में उत्सव की तैयारियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7 बजे से गणगौर पूजा प्रारंभ होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से दादी जी का सिंधारा उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें चूड़ा-मेहंदी की पारंपरिक रस्में निभाई जाएंगी तथा महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जायेंगे। शाम 4 बजे से ईसर-गंगौर माता की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए आनंद भवन, झरिया पहुंचेगी, जहां विधिवत विसर्जन किया जाएगा। बैठक में छेदी तुलस्यान, अरुण झुनझुनवाला, सत्यनारायण भोजगाड़ियां, अनिल खेमका, नरेश अग्रवाल, संदीप सांवरिया, अनिल चौधरी, संजय झुनझुनवाला व आलोक अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, तय रूट से ही निकलेंगे अखाड़े



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**पाथरडीह (धनबाद)** : ईद, चैत्र नवरात्र और रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को पाथरडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अंशु कुमार ने की, जबकि संचालन एसआई दिलीप कुमार तिवारी ने किया। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर पर्वों के सफल आयोजन को लेकर अपने सुझाव भी दिए। इस दौरान थाना प्रभारी अंशु कुमार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे को बनाए रखते हुए त्योहार मनाएं और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि वरीय अधिकारियों के निदेशानुसार पर्व के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सभी अखाड़ा समितियों को निर्धारित रूट का ही पालन करने का निर्देश दिया गया है। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी।

## ईद व रामनवमी को लेकर बरोरा थाना में शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाये रखने पर जोर



**बाघमारा (धनबाद)** : आगामी ईद एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को बरोरा थाना परिसर में शांति समिति की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी साधन कुमार ने की। इसमें पुलिस-प्रशासन के साथ जन सहयोग समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर दोनों पर्व को भाईचारे, प्रेम और आपसी सद्भाव के साथ मनाने का संकल्प लिया तथा प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी साधन कुमार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी जुलूस व शोभायात्राएं प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग से ही निकाली जायेंगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों को लेकर भी लोगों को सतर्क किया और कहा कि भ्रामक या उकसाने वाली पोस्ट साझा करना दंडनीय अपराध है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।

## रामनवमी-ईद को लेकर जोड़ापोखर थाना में शांति समिति की बैठक, हुड़दंगियों पर रहेगी कड़ी नजर



**जोरापोखर (धनबाद)**: आगामी रामनवमी और ईद पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को जोड़ापोखर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झरिया अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने की, जबकि संचालन स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में हुआ। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा समितियों के संचालक, मस्जिदों के सदर, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंचलाधिकारी ने सभी से आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस केवल निर्धारित रूट पर ही निकाला जाएगा और डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि जामाडोबा, डिगवाडीह, फुसबंग्ला और भागा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने वालों, अफवाह फैलाने वालों और सोशल मीडिया के माध्यम से माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक के दौरान मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में शांति व सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर सुभाशीष रॉय, किशोर कुमार, अशोक झा, ओम प्रकाश सिंह, पप्पू विश्वकर्मा, उज्ज्वल कुमार, कुणाल वर्मा, गौतम कुमार रंजन, शंकर झा, दिनेश यादव, रूपेश पासवान, समीम शाह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक, भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जोरापोखर (धनबाद)** : रामनवमी और ईद पर्व को लेकर अलकडीहा ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी अरुनिश रोशन ने की, जबकि संचालन बिरेंद्र कुमार निषाद ने किया। बैठक में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। ओपी प्रभारी ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी और ईद एक साथ पड़ रहे हैं, जो सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश करने का अवसर है। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी सहयोग और शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। साथ ही अखाड़ा समितियों को निर्देश दिया गया कि रामनवमी के दौरान डीजे के बजाय पारंपरिक ढोल-नगाड़ों का ही प्रयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि अखाड़ा में शामिल होने वाले सभी सदस्यों की सूची पूर्व में ओपी को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में रामबाबू यादव, सुभाषचंद्र सिंह, चंडीचरण देव, चंद्र विजय सिंह, पार्वती चक्रवर्ती, बबन श्रीवास्तव, मिथिलेश सिंह, संजय सिंह, राकेश कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## बाघमारा में पंसस की मासिक बैठक में गूंजे जनसमस्याओं के मुद्दे, पानी-बिजली पर अधिकारियों को घेरा

**बाघमारा (धनबाद)** : बाघमारा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों (पंसस) की मासिक बैठक प्रमुख गीता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को लेकर अधिकारियों को जमकर घेरा और पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन में ढिलाई पर कड़ी नाराजगी जतायी। सदस्यों ने कहा कि कई महत्वपूर्ण फैसलों पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है, जिससे आम जनता की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। साथ ही कुछ विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए गए और इसे कार्य के प्रति लापरवाही करार दिया गया। बैठक में पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे प्रमुख मुद्दे छाए रहे। विशेष रूप से आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल संकट को गंभीर बताते हुए सदस्यों ने जलापूर्ति व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की।

## टाइगर फोर्स की बैठक सम्पन्न, संगठन विस्तार व जनहित मुद्दों पर बनी रणनीति



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : पुटकी क्लब, धनबाद के सभागार में टाइगर फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक अवधेश पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर ठोस रणनीति तैयार करने पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भोला साव, हमजला बिन हक, कैलाश गुप्ता, अनूप साव, जयदेव, प्रेम महतो, दिनेश झा, गफ्फार अंसारी, रामप्रवेश दास, चंदन नंदी एवं विकास बजरंगी ने संगठन की भूमिका, सामाजिक जिम्मेदारियों और वर्तमान चुनौतियों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने संगठन को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश रवानी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संगठन विस्तार को नई गति देते हुए ओम प्रकाश, राजू साव, विजय पासवान, बदल दास, विकास, बबलू, छोटू राम, धर्मेंद्र राम, महेंद्र यादव, रंजीत सिंह व बैजनाथ पासवान सहित कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। बैठक में असंगठित मजदूरों के अधिकार, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज, बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण, महिलाओं की भागीदारी, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व जल समस्या समाधान जैसे मुद्दों पर सहमति बनी। कार्यक्रम सांसद ढुल्लू महतो के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## आठ लेन सड़क धंसने का मामला विधानसभा में गूंजा, जांच की मांग



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : झारखंड विधानसभा में बुधवार को धनबाद की आठ लेन सड़क के धंसने का मामला जोरदार तरीके से उठाया गया। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने बताया कि गोल बिल्डिंग से काको मठ तक करीब 20 किलोमीटर लंबी इस सड़क का उद्घाटन 5 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया गया था, लेकिन उद्घाटन के महज कुछ महीनों के भीतर ही सड़क कई स्थानों पर धंसने लगी। विधायक ने आरोप लगाया कि वर्ल्ड बैंक के ऋण से बनी इस सड़क में उद्घाटन के 24 घंटे के भीतर ही धंसाव शुरू हो गया था, जो अब तक जारी है। उन्होंने कहा कि तीन-चार महीने के अंतराल में आधा दर्जन जगहों पर सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे आम लोगों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सदन को आश्वस्त किया कि मामले की शीघ्र उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी। इसके अलावा विधायक सिन्हा ने मनरेगा योजना में लोकपाल की नियुक्ति नहीं होने से अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि विभाग और संवेदकों की मिलीभगत से मशीनों के जरिए काम कराए जा रहे हैं, जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने पूर्व लोकपालों से काम लेने की मांग की। वहीं, फसल सुरक्षा कार्यक्रम के बजट में लगातार कटौती पर भी उन्होंने सरकार से जवाब मांगा और कृषि विभाग में पदस्थापन व प्रशिक्षण प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए।

## झरिया के प्रदूषण, हादसे व कॉलेज टेंडर में देरी पर सदन में गरजीं विधायक, जांच व जवाबदेही की मांग



**धनबाद** : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने क्षेत्र से जुड़े दो अहम मुद्दों-बढ़ते प्रदूषण व सड़क हादसे तथा आर.एस.पी. कॉलेज भवन निर्माण में टेंडर की देरी-को जोरदार तरीके से उठाते हुए सरकार और प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया। विधायक ने कहा कि झरिया, जो देश के प्रमुख कोयला खनन क्षेत्रों में शामिल है, वहां आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा अनियंत्रित खनन और परिवहन से प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। धूल और धुएं के कारण लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वहीं हाईवा और ट्रक वाहनों के लापरवाह संचालन से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन मामलों में न तो पीड़ितों को समय पर मुआवजा मिल रहा है और न ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो रही है। इस पूरी स्थिति के लिए उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाया तथा पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। इसी दौरान विधायक ने झरिया में प्रस्तावित आर.एस.पी. कॉलेज भवन निर्माण का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि करीब 64 करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए दो बार टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन अब तक टेंडर खोला ही नहीं गया।

## योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने को डीडीसी सख्त, समयसीमा में काम पूरा करने के निर्देश

**धनबाद** : जिले में विकास योजनाओं की धीमी प्रगति पर उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने सख्ती दिखाई है। बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में कार्यकारी एजेंसियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विभिन्न योजनाओं की स्थिति की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कई योजनाओं के लंबित रहने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाये और किसी भी स्थिति में तय समयसीमा का उल्लंघन न हो। डीडीसी ने गुणवत्ता को लेकर भी विशेष हिदायत देते हुए कहा कि विकास कार्यों में मानकों से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## ब्राह्मण समाज ने मेयर संजीव सिंह को किया सम्मानित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की ओर से धनबाद के नव निर्वाचित मेयर संजीव सिंह को सम्मानित किया गया। संगठन के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी सुरेश चंद्र तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल उनके आवास पहुंचा और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मेयर संजीव सिंह को भगवान श्रीराम के प्रतीक स्वरूप धनुष-बाण, पगड़ी, अंगवस्त्र तथा गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस की प्रति भेंट की। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम द्वारा भगवान श्रीराम को धनुष प्रदान करने की परंपरा से प्रेरित होकर चिटाही धाम से संकल्पित धनुष-बाण भेंट किया गया है। इसके माध्यम से समाज ने नव निर्वाचित महापौर से सामाजिक हितों की रक्षा और जनसमस्याओं के समाधान की अपेक्षा जताई। मेयर संजीव सिंह ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी वर्गों के हित में कार्य करेंगे और शहर के विकास को प्राथमिकता देंगे।

## लोकतंत्र सेनानी संघ ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झरिया (धनबाद)** : लोकतंत्र सेनानी संघ के तत्वावधान में बुधवार को 18 मार्च 1974 के ऐतिहासिक छात्र आंदोलन की 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर कतरास मोड़, झरिया स्थित जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पुलिस गोलीकांड में शहीद हुए छात्रों को भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि 18 मार्च 1974 को बिहार के छात्रों ने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर व्यापक आंदोलन शुरू किया था। पटना की सड़कों पर हुए प्रदर्शन के दौरान कई छात्र पुलिस फायरिंग में शहीद हो गए थे। इसके बाद आंदोलन का नेतृत्व लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने संभाला, जिसने आगे चलकर देश की राजनीति को नई दिशा दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उस आंदोलन को लोकतंत्र की रक्षा का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसी जनांदोलन की परिणति में आपातकाल लगा और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को सत्ता से हटना पड़ा। इसके बाद देश में पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। इस अवसर पर आपातकाल के दौरान जेल यात्रा कर चुके अधिवक्ता हरीश कुमार जोशी, श्यामसुंदर स्वर्णकार और गंगाशरण शर्मा ने सर्वप्रथम प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सुदर्शन बरनवाल, अवधेश यादव, अजय वर्मा, राजकुमार अग्रवाल, अरविंदम बनर्जी, रविंद्र यादव, टुनटुन यादव, मधुसूदन अग्रवाल, राजेंद्र साव समेत कई लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## गोमो स्टेशन की खड़ी सीढ़ियां बनीं जानलेवा, यात्री की मौत

**बाघमारा (धनबाद)** : नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन पर मंगलवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के दौरान एक यात्री की जान चली गई। फुलाईटाड़ निवासी जयराम बेलदार औरंगाबाद जाने के लिए स्टेशन पहुंचे थे। टिकट लेने के बाद वे फुटओवर ब्रिज की सीढ़ियां चढ़कर प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे सीढ़ियों पर ही गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के बाद वहां मौजूद यात्रियों ने उन्हें संभालने और मदद करने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

## मिडिल ईस्ट संकट के बीच हर्ल को राहत, गैस आपूर्ति बहाल होते ही यूरिया उत्पादन रफ्तार पर


- 30% कटौती खत्म, बुधवार से जरूरत के अनुरूप गैस मिलने लगी; संयंत्र फिर पूरी क्षमता पर संचालित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिन्दरी (धनबाद)** : मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के असर के बावजूद केंद्र सरकार ने सिंदरी स्थित हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) को बड़ी राहत देते हुए गैस आपूर्ति में की गई कटौती समाप्त कर दी है। बुधवार से संयंत्र को उसकी आवश्यकता के अनुरूप गैस मिलने लगी है, जिससे ठप पड़ती उत्पादन प्रक्रिया अब फिर से पूरी रफ्तार में आ गई है। हर्ल के बिजनेस यूनिट हेड गौतम माजी ने जानकारी देते हुए बताया कि युद्ध के शुरूआती दौर में गैस आपूर्ति में लगभग 30 प्रतिशत की कटौती कर दी गई थी। इसका सीधा असर यूरिया उत्पादन पर पड़ा और संयंत्र को सीमित क्षमता पर संचालन करना पड़ा। हालांकि अब आपूर्ति सामान्य होने के बाद उत्पादन को फिर से पूर्ण क्षमता तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि गैस की पर्याप्त उपलब्धता से प्रबंधन ने राहत की सांस ली है और अब प्राथमिकता अधिकतम उत्पादन सुनिश्चित करने पर है। आने वाले दिनों में उत्पादन लक्ष्य को तेजी से पूरा करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, हर्ल में उत्पादन सामान्य होने से क्षेत्र के किसानों को समय पर यूरिया उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही, स्थानीय स्तर पर रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। गौरतलब है कि मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति पर वैश्विक असर पड़ा था, जिसका प्रभाव देश के कई औद्योगिक इकाइयों पर देखने को मिला। ऐसे में हर्ल को गैस आपूर्ति बहाल होना क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।


# उपायुक्त आदित्य रंजन ने मेयर संजीव सिंह व 55 वार्ड पार्षदों को दिलायी शपथ



फ्रीडम फाइटर संवाददाता


**धनबाद** : नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत धनबाद नगर निगम की नयी टीम का गठन बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में शपथ ग्रहण समारोह के साथ संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने नवनिर्वाचित मेयर संजीव सिंह तथा सभी 55 वार्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।
कार्यक्रम की शुरूआत में उपायुक्त ने मेयर संजीव सिंह को शपथ दिलाई, जिसके बाद सभी वार्ड पार्षदों को क्रमवार शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद उप महापौर पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। निर्धारित समय के अनुसार नामांकन दाखिल किया गया, जिसकी स्क्रूटनी के बाद वैध प्रत्याशियों की सूची जारी हुई। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोपहर में मतदान कराया गया।
मतदान में अरुण कुमार चौहान को 50 मत प्राप्त हुए, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी मेनका सिंह को 5 मत मिले। इस तरह चौहान भारी मतों से विजयी घोषित किए गए। निर्वाचन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। इसके बाद मेयर संजीव सिंह ने उप महापौर अरुण कुमार चौहान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। समारोह में उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) मुकेश कुमार बाउरी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी बाल किशोर महतो, विशाल कुमार पांडेय, संजय झा, राम विलास राम, रूपेश मिश्रा, सुशील सिन्हा, आनंद पटेल, प्रशांत झा, विजय कुमार, मनीष कुमार, संतोष कुमार, अंशु देव, उमेश प्रमाणिक एवं नाविक कुमार सहित सभी 55 वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।

## मेयर बने संजीव सिंह, डिप्टी मेयर अरुण चौहान



**धनबाद** : धनबाद नगर निगम में सत्ता का नया अध्याय शुरू हो गया है। नवनिर्वाचित मेयर संजीव सिंह समेत सभी पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। इसके साथ ही नगर निगम में नई सरकार ने औपचारिक रूप से कामकाज संभाल लिया। डिप्टी मेयर पद के लिए हुए चुनाव में अरुण चौहान ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 50 पार्षदों का समर्थन हासिल किया। जीत के बाद उन्होंने भी शपथ लेकर मेयर के साथ निगम की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित की। नगर निगम चुनाव परिणामों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि धनबाद की राजनीति में सिंह मेंशन का प्रभाव कायम है। मेयर पद पर संजीव सिंह की जीत और उनके समर्थक का डिप्टी मेयर बनना इस बात का संकेत है कि शहर की सत्ता पर उनका मजबूत नियंत्रण बना हुआ है। शपथ ग्रहण के बाद मेयर संजीव सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता धनबाद को स्मार्ट, सुरक्षित और स्वच्छ शहर बनाना है। उन्होंने पानी, सड़क और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने तथा शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने का भरोसा दिलाया। वहीं डिप्टी मेयर अरुण चौहान ने पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन देने की बात कही।

## चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ, विजय कुमार यादव बने उपाध्यक्ष



**धनबाद** : नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत चिरकुंडा नगर परिषद के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित किया गया। उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित सुनीता देवी एवं 21 वार्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण के उपरांत उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गयी। निर्धारित समय के अनुसार नामांकन, स्क्रूटनी, नाम वापसी और मतदान की प्रक्रिया पूरी कराई गई। मतदान के बाद हुई मतगणना में विजय कुमार यादव ने 12 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद जियाउद्दीन को पराजित किया, जिन्हें 09 मत मिले। निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई मोहम्मद जियाऊल अंसारी ने विजय कुमार यादव को उपाध्यक्ष निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके पश्चात अध्यक्ष सुनीता देवी ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर ज़िला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# अफवाह फैलानेवालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखें और विशेष सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि एक साथ कई महत्वपूर्ण पर्व आ रहे हैं, ऐसे में शांति और सौहार्द बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। रामनवमी को लेकर अनुमंडल, प्रखंड और थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक एवं फ्लैग मार्च कराने के निर्देश दिये गये। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जुलूस आयोजकों को निर्धारित रूट का पालन सुनिश्चित करने तथा प्रशासन से समन्वय बनाए रखने को कहा गया।सुरक्षा के मद्देनजर जुलूस में झंडे, डीजे और झांकियों की ऊंचाई 4 मीटर से अधिक नहीं रखने का निर्देश दिया गया। वहीं बिजली विभाग को जुलूस के दौरान संभावित हादसों से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहें। सोशल मीडिया पर साइबर सेल की 24 घंटे निगरानी रहेगी। आपात स्थिति में कंट्रोल रूम नंबर 06565-247981 या 112 पर संपर्क किया जा सकता है। ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी भी की जाएगी।बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, जिले के प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर चैनपुर-कुरुमगढ़ में शांति समिति की बैठक में सौहार्द बनाये रखने का संकल्प



**गुमला** : चैनपुर थाना परिसर में मंगलवार दोपहर 12 बजे आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों तथा विभिन्न समुदायों के लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में त्योहारों को आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ मनाने पर जोर दिया। प्रशासन की ओर से निर्देश दिया गया कि त्योहारों के दौरान तेज ध्वनि में डीजे का उपयोग न किया जाए, ताकि आम जनजीवन प्रभावित न हो। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने से बचने की अपील की गयी। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से नशा से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना को देने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने प्रशासन का सहयोग करने और नियमों का पालन करने की अपील की। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं यमुना प्रसाद केशरी ने कहा कि क्षेत्र की पहचान आपसी सौहार्द है, जिसे बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है। बैठक में चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र राम, थाना प्रभारी अरविंद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, मुखिया शोभा देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एक झलक

### पशु क्रूरता पर सख्ती के निर्देश

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पशुओं के संरक्षण, कल्याण और उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि पशु क्रूरता से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को आम लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने का भी निर्देश दिया, ताकि समाज में पशुओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो सके। साथ ही अवैध पशु परिवहन, अवैध वध और दुर्व्यवहार जैसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया।बैठक के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा जिले में चल रही योजनाओं और पशु संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी गई। पशुओं के लिए चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने, गौशालाओं की स्थिति सुधारने और आवारा पशुओं के बेहतर प्रबंधन को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

### सांसद सुखदेव भगत के संसदीय कार्यों की सराहना, भाजपा नेता अरविंद मिश्रा ने दी बधाई

**गुमला** : भाजपा नेता एवं 'एक शाम आंजन धाम महोत्सव' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद मिश्रा ने लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के संसदीय कार्यों पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। अरविंद मिश्रा ने कहा कि पिछले चार वर्षों से अंजनधाम में आयोजित हो रहे इस महोत्सव के माध्यम से क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से सांसद सुखदेव भगत की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय संसद में अपने प्रथम अभिभाषण से ही क्षेत्र के महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का सराहनीय प्रयास किया है।

### टावर लगा पर नेटवर्क नहीं, गोताग गांव में तीन साल से संचार संकट

**गारू (लातेहार)** : जिले के गारू प्रखंड अंतर्गत सरयू क्षेत्र के चोरहा पंचायत स्थित गोताग गांव में संचार व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि गांव में बीएसएनएल का मोबाइल टावर स्थापित होने के बावजूद पिछले तीन वर्षों से यह चालू नहीं हो सका है। नतीजतन, गांव के सैकड़ों लोग आज भी मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।ग्रामीणों के मुताबिक, नेटवर्क नहीं होने से दैनिक जीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। किसी जरूरी सूचना का आदान-प्रदान करना हो या आपात स्थिति में मदद के लिए संपर्क करना—हर काम मुश्किल हो जाता है। डिजिटल सेवाओं के इस दौर में गांव अब भी संचार के मामले में पिछड़ा हुआ है। गांव के अजित उरांव, बीरेंद्र उरांव और संदीप उरांव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। उनका कहना है कि टावर लगने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि नेटवर्क की समस्या खत्म होगी, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।

## अम्बाटोली में कृषि विकास के लिए मयूरी ट्रस्ट का जागरूकता कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : सामाजिक संस्था मयूरी ट्रस्ट के द्वारा सिसई प्रखंड क्षेत्र के मुरगू पंचायत के अंबाटोली अखाड़ा में आज कृषि विकास के लिए महिला मंडल एवं किसान क्लब के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। संबोधित करते हुए मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज गुमला के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाएं आगे आए। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों के आधारभूत विकास में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है ऐसी स्थिति में बहुफसली फसल आयुर्वेदिक फसल फूल आदि उत्पादन कर कृषि कार्य को बढ़ावा दिया जा सकता है, श्री गुप्ता ने कहा कि मयूरी ट्रस्ट के द्वारा समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए शिक्षा के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं जिसके तहत चैताली कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। और बीएड इंटर बीए डीएलएड वकालत आदि की पढ़ाई और नामांकन की सुविधा लोगों को दी जा रही है। अमीन का सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए ट्रेनिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से मयूरी ट्रस्ट से जुड़कर कार्य करने की अपील की। बैठक में मयूरी ट्रस्ट के सचिव चैताली सेनगुप्ता, बूधनाथ उरांव अनीता देवी, जयवंती कुमारी, सुंदरी देवी, कमला देवी, महामानी कुमारी देवी, एनिमा कुमारी सुनीता कुमारी आदि महिला मंडल किसान क्लब के सदस्यों और क्षेत्र के स्थानीय लोग मौजूद थे।

### महिला विकास मंडल घाघरा का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

## डीडीसी ने महिलाओं को बताया सबला शक्ति स्वरूप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : महिला विकास मंडल घाघरा का वार्षिक अधिवेशन एसएस उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गुमला दिलेश्वर महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) घाघरा दिनेश कुमार, जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी एवं प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि डीडीसी दिलेश्वर महतो ने संबोधन में कहा कि महिलाएं शक्ति का साक्षात रूप हैं, जिसका प्रमाण आज की विशाल भीड़ से स्पष्ट है। उन्होंने जोर देकर कहा, 'अब नारी अबला नहीं, सबला है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। डीडीसी ने महिला विकास मंडल से जुड़ी महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये न केवल स्वयं सफल हो रही हैं, बल्कि देश-दुनिया में अपना नाम रोशन कर रही हैं। जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी ने भी उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिला मंडल ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम बन चुका है। हम सभी को मिलकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए, ताकि गांव-गांव में समृद्धि आए। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि महिला विकास मंडल के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को मजबूत बनाने एवं कौशल विकास पर बल दिया। कार्यक्रम में मंडल की कोषाध्यक्ष प्रमिला कुमारी ने वर्ष भर की उपलब्धियां विस्तार से बतायीं।

## नशा मुक्ति अभियान तेज करने और यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने अवैध अफीम की खेती को लेकर जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां भी ऐसी खेती की सूचना मिले, उसे तत्काल नष्ट किया जाए और इसमें शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की बिक्री, सेवन और तस्करी पर लगातार निगरानी रखी जाए। पुलिस अधीक्षक ने भी अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने, गुप्त सूचना तंत्र को मजबूत करने और नियमित छापेमारी अभियान चलाने पर बल दिया। साथ ही विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने का निर्देश दिया गया।वहीं सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को पूर्व निर्देशों का गंभीरता से पालन करने को कहा। पथ निर्माण विभाग को सड़कों की स्थिति सुधारने तथा आवश्यक संकेतक लगाने का निर्देश दिया गया।

## जनता दरबार में सुनीं गयीं लोगों की समस्याएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिले के अपर समाहर्त्ता कुंदन कुमार ने बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं रखीं। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन कब्जा, दोहरी जमाबंदी, म्यूटेशन सहित अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें सामने आयी।

**जनता दरबार में आये फरियादी ने कहा-नहीं मिल रहा खून, डीपीआरओ ने ब्लड बैंक पहुंच कर किया रक्तदान**

**समाहरणालय** में आयोजित जनता दरबार के दौरान बुधवार को एक भावुक कर देने वाला मामला सामने आया, जब एक व्यक्ति ने प्रशासन के समक्ष आवेदन देकर बताया कि उसे तत्काल अ+ ब्लड की सख्त जरूरत है,लेकिन काफी प्रयास के बावजूद कहीं भी रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इतना सुनते भर ही मौके पर मौजूद जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम ने उक्त फरियादी से कहा आप थोड़ा इंतजार करें, जनता दरबार खत्म होते ही मैं करूंगा आपको रक्तदान। जनता दरबार खत्म होने के पश्चात श्री असीम ने फरियादी को अपनी गाड़ी में बैठाकर सीधे ब्लड बैंक पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादी के लिए रक्तदान किया।

**रक्तदान महादान, सभी को करने की जरूरत : जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी**

**रक्तदान** करने के पश्चात श्री कुमार ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का आग्रह किया।

### एसआईआर की बैठक में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को दिये गये आवश्यक निर्देश

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर स्थित नगर स्मृति भवन में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित रहे। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये। एसडीओ ने हाउस नंबरिंग, नए मकानों के चिन्हित करने तथा बिना नंबर वाले घरों को नियमानुसार नंबर आवंटित करने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावे मतदाताओं की सही पहचान एवं सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए फील्ड वेरिफिकेशन को अनिवार्य बताया गया। बैठक में 2003 के एसआईआर और वर्तमान मतदाता सूची के आधार पर उम्र एवं पारिवारिक मैपिंग की जांच करने,संदिग्ध मामलों का सत्यापन करने तथा दस्तावेजों के आधार पर मतदाताओं की पुष्टि करने के निर्देश दिये गये।

**भरनो में डीटीओ का महा-अभियान**

## स्कूली वाहनों समेत सभी वाहनों पर गिरी गाज, 2.80 लाख का वसूला जुर्माना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिला परिवहन विभाग की 'रोड सेफ्टी' मुहिम अब ग्रामीण इलाकों में भी पूरी रफ्तार पकड़ चुकी है। जिला परिवहन पदाधिकारी श्री ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में आज भरनो मुख्य मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग राजस्व संग्रहण हेतु यह अभियान चलाया गया। इस बड़ी कार्रवाई में विभिन्न नियमों के उल्लंघन पर कुल 2 लाख 80 हजार रुपये का भारी-भरकम जुमार्ना काटा गया। अभियान के दौरान स्कूली बच्चों को ढोने वाले वाहनों (बस और वैन) की गहनता से जांच की गयी। सभी वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और दस्तावेजों की कमी पाई गई। डीटीओ ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**जांच के घेरे में आये सभी वाहन**

**चेकिंग** के दौरान केवल बसें ही नहीं, बल्कि हर श्रेणी के वाहनों को रोककर उनके कागजात और सुरक्षा उपकरणों की जांच की गयी, टेंपो और कार व्यावसायिक परमिट और फिटनेस की जांच बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग करने वालों पर भारी जुर्माना। सुरक्षा और बीमा नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहनों को पकड़ा गया। दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट न पहनना जुमार्ने का मुख्य कारण रहा। प्रदूषण प्रमाण पत्र और फिटनेस सर्टिफिकेट की अनुपलब्धता।

**डीटीओ की सख्त चेतावनी**

**कार्रवाई** के दौरान डीटीओ श्री जायसवाल ने वाहन चालकों और मालिकों को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। भरनो में आज की कार्रवाई एक ट्रेलर है। हम उन सभी वाहन मालिकों को चिन्हित कर रहे हैं जो बिना इंश्योरेंस और परमिट के वाहन चला रहे हैं।

## महुआडांड़ की जनसमस्याओं और संगठन विस्तार पर जेएमएम की अहम बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** : रांची स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय कार्यालय में महुआडांड़ अनुमंडल की जनसमस्याओं और संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जेएमएम के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय से लातेहार जिले के नेताओं ने मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया और संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की। इस बैठक में जिला सचिव बुद्धेश्वर उरांव, केंद्रीय सदस्य सह जिला बीस सूत्री सदस्य मुस्तकीम, युवा जिला सचिव परवेज आलम, प्रखंड सचिव याहिया अंसारी और छात्र मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुजूर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान महुआडांड़ अनुमंडल में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी कई मूलभूत सुविधाओं की कमी है, जिन्हें दूर करने के लिए सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना जरूरी है। इसके साथ ही संगठन विस्तार, नये कार्यकर्ताओं को जोड़ने और गांव-गांव तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने की रणनीति पर भी विचार किया गया।

### बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में आयोजित सीएचओ का तीन दिवसीय योगा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न

## नियमित करें योग, रहें निरोग : रुपेश सोनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित पतंजलि योगपीठ गुमला के योग विशेषज्ञ रुपेश सोनी ने कहा कि नियमित रूप से करें योग रहे निरोग। योग का नियमित अभ्यास से बिमारी कोसो दुर भागती है। आप निरोग रहते हैं। जो व्यक्ति बिमार है वह भी धीरे धीरे दवा छोड़ देते हैं। मास्टर प्रशिक्षण सह सीएचओ उसुर्ला लकड़ा, जिला आशा फैसिलिटेटर सह राज्य प्रशिक्षक दल रामाकान्त सिंह, योग शिक्षक तुलसी साहु द्वारा संयुक्त रूप से योगाभ्यास कराया। प्रशिक्षण में सीएचओ को बच्चों के लिए योगाभ्यास, किशोरावस्था के लिए योगाभ्यास, अस्थमा प्रबंधन, कैंसर प्रबंधन, मधुमेह प्रबंधन, गर्भवती महिला के लिए योग, मानसिक स्वास्थ्य, स्ट्रोक प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, अवसाद प्रबंधन, अवसाद, वृद्धावस्था के लिए योग आदि के लिए विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के अंत में सभी सीएचओ का परीक्षा लिया गया और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण के जिले के पैतिस सीएचओ शामिल हुई। यह प्रशिक्षण जिला स्वास्थ्य समिति गुमला द्वारा आयोजित किया गया है।

## चैती छठ को लेकर देवनद घाट पर सफाई अभियान शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : चंदवा प्रखंड में चैती छठ पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा के निर्देशन में देवनद छठ घाट की सफाई का कार्य शुरू किया गया। सफाई अभियान के पहले दिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। उप प्रमुख अश्विनी मिश्र के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में घाट परिसर की साफ-सफाई, कचरा हटाने और झाड़ियों की कटाई का कार्य किया गया। अभियान में शामिल लोगों ने घाट को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया, ताकि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा ने बताया कि छठ पर्व आस्था और स्वच्छता का प्रतीक है। ऐसे में प्रशासन की ओर से सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की, ताकि घाट को साफ-सुथरा रखा जा सके। उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने कहा कि छठ महापर्व को लेकर यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

**ओलावृष्टि का कहर**

## बेलागाड़ा में 17 एकड़ फसल बर्बाद, लाखों का नुकसान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : घाघरा थाना क्षेत्र के बेलागाड़ा गांव में बीती रात आसमान से गिरे ओलों ने सिर्फ फसलें नहीं तोड़ीं, बल्कि किसानों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया। 17 एकड़ में फैली तरबूज, खरबूज और खीरे की लहलहाती फसलें कुछ ही मिनटों में तबाही के मंजर में बदल गईं। लेकिन बड़ा सवाल यह है हर साल आपदा के बाद भी क्यों नहीं जागता प्रशासन

**ओलों की मार या सिस्टम की हार**

**रात** के अंधेरे में आई इस तबाही ने गांव को हिला दिया। सुबह जब किसान खेत पहुंचे, तो वहां मौत जैसी खामोशी थी चारों तरफ बबार्दी, ओलों की सफेद चादर और जमीन पर बिखरी टूटी फसलें।

**क्या मौसम की मार से ज्यादा खतरनाक प्रशासन की बेरुखी नहीं**

**कर्ज** लेकर बोए थे सपने अब क्या बेचें पीड़ित किसान जयहिंद बाड़ा किसान जय हिंद बाड़ा की आंखों में आंसू और आवाज में दर्द साफ झलकता है। 15 एकड़ में खेती की थी, 20 मजदूर के परिवार इसी पर निर्भर थे। कर्ज लेकर बीज डाले थे अब सब खत्म हो गया। यह सिर्फ एक किसान की कहानी नहीं, बल्कि पूरे बेलागाड़ा की हकीकत है।

**लाखों का नुकसान : फसल** बर्बाद, आमदनी शून्य और सिर पर कर्ज किसान अब दोहरी मार झेल रहे हैं। हर साल प्राकृतिक आपदा आती है, लेकिन क्या प्रशासन ने कभी पहले से कोई ठोस इंतजाम किया? फसल बीमा योजना का लाभ क्यों नहीं पहुंचता गांव तक क्या राहत सिर्फ कागजों में ही सीमित है।

**उबाल पर किसान**

**गांव** में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। युवा और किसान अब चुप बैठने के मूड में नहीं हैं। साफ चेतावनी दी गई है आपदा के बाद ही क्यों जागता है सिस्टम क्या किसानों की मेहनत की कोई कीमत नहीं? मुआवजा योजना जमीन पर कब उतरेगी? अब नजर प्रशासन पर क्या मिलेगा इंसाफ या फिर यह मामला भी फाइलों में दफन हो जायेगा।

## निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली का आरोप बेबुनियाद : प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सेवाओं में अतिरिक्त शुल्क वसूली के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह ने स्पष्ट किया है कि मरीजों से केवल जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क ही लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लेट के लिए 130 रुपये तथा सर्विसिंग चार्ज के रूप में 20 रुपये निर्धारित है, जिसे मिलाकर कुल 150 रुपये ही लिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का कोई अलग शुल्क नहीं लिया जा रहा है। दिनेश सिंह ने कहा कि हाल के दिनों में कुछ लोगों द्वारा अनावश्यक रूप से गलत जानकारी फैलाकर अस्पताल की छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इसे पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद बताते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है। सभी शुल्क सरकार द्वारा तय मानकों के अनुरूप ही लिए जा रहे हैं और इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि किसी को किसी प्रकार की शिकायत हो तो सीधे अस्पताल प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई कर्मचारी निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलते पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने यह भी बताया कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ सेवाएं जारी रहेंगी, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## एक झलक

### कोडरमा जिला में पेयजल और बिजली की नियमित आपूर्ति हो : डॉ. नीरा

**कोडरमा** : स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने कोडरमा जिले में पेयजल और बिजली की नियमित आपूर्ति की मांग की है। बुधवार को विधानसभा के शून्यकाल में विधायक डॉ नीरा यादव ने इलाके में पानी और बिजली संकट को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय कोडरमा, झुमरीतिलैया, डोमचांच समेत पूरे कोडरमा जिले में हमेशा पेयजल की किल्लत बनी रहती है। इधर अनियमित बिजली आपूर्ति से पूरे जिले में त्राहिमाम की स्थिति है। अत: व्यापक जनहित में नियमित पेयजल आपूर्ति करने तथा खराब चापानल को ठीक करने की व्यवस्था के साथ ही कोडरमा जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय ताकि आने वाले गर्मी में लोगों को पानी और बिजली नियमित उपलब्ध हो सके। विधायक ने कहा कि इन दिनों कोडरमा जिले में बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था हो गई है। लगभग पूरे जिले में मेंटेनेंस के नाम पर 15 मार्च को 9 बजे दिन बिजली काटी गई जो 16 मार्च को 9 बजे दी गई। पूरे 24 घंटे लगातार बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। विधायक ने राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि आगे से ऐसी स्थिति उत्पन्न ना हो और लोगों को बेवजह परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### अवैध बालू लदी ट्रैक्टर को खनन विभाग ने किया जब्त

**बोकारो** : बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार एवं जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार के मार्गदर्शन में खनन विभाग द्वारा बोकारो जिला अन्तर्गत टांड़ मोहनपुर के समीप मुख्य पथ पर छापामारी अभियान चलाया गया,जिसमें उक्त स्थल पर अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर परिवहन करते हुए 1 ट्रैक्टर को जप्त कर जरीडीह थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, खान निरीक्षक अजय कुमार महतो एवं पुलिस बल मौजूद थे।

### रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ प्रहरी मेला 2026

**कसमार** : बोकारो जिला के कसमार प्रखंड अंतर्गत खैराचातर में स्वर्गीय भूतपूर्व सरपंच सुरेश जायसवाल की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय प्रहरी मेला का समापन सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों के बीच हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गोमिया के पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने स्वर्गीय जायसवाल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में डॉ. महतो ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती उसके लोगों की जिम्मेदारी और सोच पर निर्भर करती है। उन्होंने स्वर्गीय सुरेश जायसवाल के जीवन को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज को सही दिशा दी जा सकती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान मेला समिति ने क्षेत्र के लोक कलाकारों शेखर शरदेंदु, नेपाल महतो, अशोक महतो, हबीब नाज, मानुदेव महतो, प्रभाष नायक, जितेंद्र महतो, नखलेश नायक के साथ-साथ चिकित्साकर्मी संतोष महतो को सम्मानित किया। दूसरी ओर, सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने अपने गीत-संगीत से समापन समारोह को यादगार बना दिया। नागपुरी गायक राजेश राज, गायिका सरस्वती बुंकर, बुल्टी सिंहा और फुलमनी ने नागपुरी, खोरठा और हिंदी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। वहीं अखिल किशन के गीतों ने भी खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम में करण कुमार कर्मकार, मंटू राम मरांडी, आनंद बेसरा, शकुर अंसारी, मेला समिति के अध्यक्ष घनश्याम महतो, व्यवस्थापक रामसेवक जायसवाल, सचिव राजेश कुमार राय, कोषाध्यक्ष पंकज जायसवाल, संयोजक उमेश जायसवाल, अशोक कुमार सिंह, डॉ. जीतलाल महतो, सुनील कपरदार, उमेश कुमार महतो, किशोर कांत सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन पंकज जायसवाल एवं दीपक सवाल ने किया।

## रामनवमी, सरहुल, ईद, को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी : एसपी

■ आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की उपायुक्त ने की अपील



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : बिरसा सांस्कृतिक भवन, कोडरमा में आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक मूलभूत नागरिक सुविधाओं से संबंधित मांगों एवं सुझावों पर चर्चा की गयी। प्रशासन द्वारा इन पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। उपायुक्त ऋतुराज ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोडरमा में सभी धर्मों के लोग हमेशा शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाते रहे हैं, जो जिले की पहचान है। उन्होंने लोगों से एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करें और भड़काऊ या संदिग्ध पोस्ट को फॉरवर्ड करने से बचें। जुलूसों को व्यवस्थित एवं नियंत्रित रखने के लिए वॉलेंटियर्स की सहायता लेने की भी अपील की गई। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि डीजे पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा तथा निदेर्शों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि शोभायात्रा संयमित एवं अनुशासित तरीके से निकालें, पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग करें, निर्धारित रूट एवं समय का पालन करें तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सभी गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। असामाजिक एवं साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश मंडल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारी तथा विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ड्यूटी के बाद गेट पर गिर कर ठेका कर्मी की मौत

**पूर्वी सिंहभूम** : शहर के औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार की रात एक ठेका कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिसके बाद बुधवार की सुबह परिजनों में आक्रोश फैल गया। मृतक की पहचान बमार्माइन्स निवासी सत्यनारायण निशाद (48 ) के रूप में हुई है, जो टाटा स्टील में ठेका के तहत कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार सत्यनारायण निशाद की ड्यूटी दिन 2 बजे से रात 10 बजे तक थी। ड्यूटी समाप्त कर जैसे ही वे कंपनी गेट के बाहर निकले, अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े। गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने तत्काल इसकी सूचना कंपनी प्रबंधन को दी। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से टाटा मेन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**

E-Mail – nrepgumla@gmail.com

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 125(ii)/ NREP दिनांक 10.03.2026 के द्वारा निर्गत NIT No. 23/2025-26 (PR No. 374742 NREP (25-26) D) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

PR.NO.375472 NREP(25-26):D


## किसी नयी एजेंसी को मिलेगा बोकारो परिसदन संचालन का जिम्मा

# बोकारो परिसदन की सेवाओं का होगा कायाकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में बोकारो परिसदन संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिसदन के संचालन हेतु नई एजेंसी के चयन को लेकर निविदा प्रकाशित करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रण (आरएफपी) के विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न हो सके।परिसदन में कार्यरत कर्मियों की संख्या को आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जाएगा, जिससे सेवाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहे। सभी कर्मियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड एवं आईडी कार्ड अनिवार्य किया जाएगा, जिससे अनुशासन, पहचान एवं पेशेवर कार्यसंस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, कार्यों के स्पष्ट निर्धारण एवं जवाबदेही तय करने के लिए दायित्वों का विभाजन किया जाएगा।परिसदन की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए 24 घंटे सुरक्षा गार्ड की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जाएगी। इससे नहीं केवल सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई भी संभव हो सकेगी। परिसदन में स्वच्छता एवं हाइजीन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

### चन्दनकियारी स्टेडियम निर्माण कार्य की डीसी ने की समीक्षा बैठक

**बोकारो** : चन्दनकियारी स्थित स्टेडियम को लेकर एक समीक्षा बैठक बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने की। बैठक में स्टेडियम निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सबसे पहले स्टेडियम निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों से कार्य की गुणवत्ता, समय-सीमा और शेष कार्यों की जानकारी ली गई। इसके पश्चात स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं जैसे मैदान, रनिंग ट्रैक, दीर्घा (गैलरी) आदि के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। कहा कि खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए स्वच्छ और सुगम वातावरण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। बैठक में उपायुक्त ने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्माण कार्य से संबंधित जांच प्रतिवेदन शीघ्र समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही, उपस्थित उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार को स्टेडियम का स्थल निरीक्षण कर, अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों के साथ सभी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक करने को कहा। बैठक में चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल राजू मरांडी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल अमृत टोपनो आदि उपस्थित थे।

### बीएसएल फूड-स्ट्रीट में झारखंडी व्यंजनों की पारम्परिक खुशबू बनेगी विशेष आकर्षण

**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा आगामी 22 मार्च 2026 को संध्या 5 बजे से आयोजित एक दिवसीय 'फूड-स्ट्रीट' कार्यक्रम में झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक जीवनशैली एवं स्थानीय स्वादों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। जहां आगंतुकों को देश के विभिन्न प्रांतों के व्यंजनों के साथ-साथ झारखंड के खान-पान की पारंपरिक खुशबू और विशिष्ट स्वाद का अनोखा अनुभव भी प्राप्त होगा। इस आयोजन में झारखण्ड फूड स्टॉल प्रमुख आकर्षण रहेगा, जहां परोसे जाने वाले व्यंजन अपनी सादगी, प्राकृतिकता और पारंपरिक पाक-विधियों के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं। यहां आगंतुक विभिन्न प्रकार के पारंपरिक पिठा जैसे जिल पिठा, डुबुग पिठा, गुड़ पिठा एवं पनीर पिठा का स्वाद ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त लेटो, जिल-भाजा तथा चना-मूड़ी के साथ आलूचॉप जैसे लोकप्रिय व्यंजनों का भी आनंद लिया जा सकेगा।


**राँची मंडल के तहत विभिन्न कैटेगरी के लिए ई–नीलामी सूचना**

सं. सी/आरएनसी/ई–ऑक्शन /2026 दिनांक: 17.03.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची–834003 द्वारा राँची मंडल के तहत ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं: ● **कैटेगरी: प्रमोशनल कियोस्क (एमआईएससी स्टैटिक्स), कैटलॉग सं.: आरएनसीप्रमोशनल1, परिसंपत्तियों का विवरण:** (i) राँची रेलवे स्टेशन में प्रमोशनल कियोस्क के परिचालन एवं रखरखाव के लिए ई–नीलामी। (ii) हटिया रेलवे स्टेशन में टू व्हीलर, थ्री व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों की ऐप आधारित सेवा की आसानी से उपलब्धता/बुकिंग को बढ़ावा देने के लिए प्रमोशनल कियोस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए ई–नीलामी। **नीलामी शुरू :** दिनांक 25.03.2026 को 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि :** दिनांक 25.03.2026 को 11.40 बजे। ● **कैटेगरी: पार्किंग, कैटलॉग सं.: आरएनसीपार्किंग48, परिसंपत्तियों का विवरण:** पिस्का, बानो और ईटकी रेलवे स्टेशनों में पार्किंग का प्रबंधन। **नीलामी शुरू :** दिनांक 24.03.2026 को 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि :** दिनांक 24.03.2026 को 11.50 बजे। ● **कैटेगरी: पीएमबीजेके, कैटलॉग सं.: पीएमबीजेके, परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र का संचालन और रखरखाव। **नीलामी शुरू :** दिनांक 26.03.2026 को 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि :** दिनांक 26.03.2026 को 11.30 बजे। ● **कैटेगरी: विज्ञापन, कैटलॉग सं.: आरएनसीएडीवीटी47, परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम–5, इनसाइड स्टेशन–1, ट्रेन एक्सटीरियर–3 और ट्रेन इंटीरियर–1 हेतु वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों के लिए ई–नीलामी। **नीलामी शुरू :** दिनांक 23.03.2026 को 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि :** दिनांक 23.03.2026 को 13.00 बजे। ● **कैटेगरी: बैटरी ऑपरेटेड कार (एमआईएससी–स्टैटिक्स), कैटलॉग सं.: आरएनसीबीओसी25, परिसंपत्तियों का विवरण:** हटिया रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए 02 बैटरी ऑपरेटेड कार्ट की व्यवस्था और संचालन हेतु वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों के लिए ई–नीलामी। **नीलामी शुरू :** दिनांक 27.03.2026 को 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि :** दिनांक 27.03.2026 को 11.30 बजे। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। ऊपर उल्लिखित कैटलॉग के तहत लॉट वार विवरण वहाँ उपलब्ध है।

(PR-1325) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में छह दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छः दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन रिसोर्स पर्सन निशा रॉय, महाविद्यालय प्राचार्य एवं सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन - रिसोर्स पर्सन निशा रॉय, सॉफ्ट स्किल डेवलपर, नंदी फाउंडेशन, हैदराबाद ने आई एम यूनिक, प्रोफेशनल ग्रूमिंग एवं मॉडेल टू मोल्ड विषयों पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराते हुए विविध महत्वपूर्ण जानकारीयां साझा किया साथ ही प्रशिक्षुओं को उनके अंतर्निहित विभिन्न व्यावहारिक कौशलों एवं क्षमताओं को प्रभावशाली बनाने हेतु विभिन्न उपकरण एवं तकनीकी से अवगत कराया एवं कहा कि व्यावहारिक कौशल मानव जीवन को सामान्य से विशिष्ट की ओर अग्रसर करता है। अतः हम सभी को व्यावहारिक कौशल को बेहतर बनाने हेतु क्रियाशील होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2025-27 के सभी प्रशिक्षु, सभी सहायक प्राध्यापक डॉ. पूजा कुमारी, डी एल एड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, डी एल एड समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा, अनिल दास, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सूचित कुमार, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत कोडरमा में 351 होल्डिंग धारकों के बैंक खाते फ्रीज करने की कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**कोडरमा** : नगर पंचायत कोडरमा के कार्यपालक पदाधिकारी शम्भु प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के 351 होल्डिंग टैक्स बकायेदारों को नोटिस भेजने एवं समाचार पत्रों में आम सूचना प्रकाशित करने के बावजूद भी उन्होंने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है।नोटिस की अवहेलना करने पर संबंधित होल्डिंग धारकों के बैंक खातों को फ्रीज करने का निर्देश जारी किया गया है। इसके लिए संबंधित व्यक्तियों के नाम, आधार संख्या एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध कराकर उनके बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। उन्होंने बताया कि झारखंड नगर पालिका अधिनियम, 2011 की धारा 184(1)(ड़) के तहत बकायेदारों के बैंक खातों एवं अन्य वित्तीय संपत्तियों (एकल या संयुक्त) को जब्त कर बकाया राशि की वसूली का प्रावधान है। कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे समय पर अपना होल्डिंग टैक्स जमा करें। बकाया वसूली के लिए कुर्की, जब्ती, बॉडी वारंट निर्गत करना, चल एवं अचल संपत्ति की जब्ती एवं बिक्री तथा भवन को सीलबंद करने जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि विलंब से टैक्स भुगतान करने पर प्रति माह 1 प्रतिशत ब्याज देय होता है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाद बकाया राशि जमा करने पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज एवं जुर्माना के साथ टैक्स वसूला जाता है।


**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार

*E-Mail ID. dj-latehar@jharkhandmail.gov.in*

*jailsuperintendent.latehar@gmail.com, Phone No. 06565-247660*

**e-Tender- HJ&DM/DJ-LATEHAR/Annual/2026/370**

**ई0–निविदा निरस्त सूचना**

मंडल कारा, लातेहार में वार्षिक निविदा दिनांक–01.04.2026 से 31.03.2027 तक खाद्यान्नों, मसालों, खस्सी मांस, चिकन, अण्डा, अन्य विविध सामग्रियों क्रय हेतु ई0–निविदा आमंत्रण सूचना–विज्ञापन संख्या– PR373189 Prison 25-26:D जो दिनांक–16.03.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में कारा क्रय समिति लातेहार की बैठक हुई। जिसमें 05 (पाँच) निविदादाताओं का Online निविदा प्राप्त हुऐ, परन्तु 04 (चार) निविदादाताओं द्वारा आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) एवं अग्रधन राशि (EMD) मूल रूप (Hard Copy) प्राप्त नहीं हुआ, मात्र एक ही निवदादाता उपस्थित हुए ऐसी परिस्थिति में उक्त निविदा को खोलने का निर्णय नहीं लिया जाता है, अतएव उक्त निविदा रद्द करते हुए पुर्ननिविदा की अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

| ह0– | ह0– | ह0– | ह0– |
|---|---|---|---|
| जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, लातेहार। | जिला लेखा, पदाधिकारी, लातेहार। | सचिव–सह–अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार। | अध्यक्ष–सह–अपर समाहर्त्ता, लातेहार। |

PR 375496 Prison (25-26)_D


## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा, 20 हजार जुर्माना भी लगाया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने मंगलवार को आरोपी शशि कुमार 23 वर्ष विद्या पूरी झुमरी तिलैया निवासी को 302 आईपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1 साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने 201, IPC एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 5 साल कारावास एवं 5000 जुर्माना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 2 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। जुर्माना की राशि पीड़ित को दी जाएगी। मामला वर्ष 2021का है। इसे लेकर तिलैया थाना में तिलैया थाना कांड संख्या 18 / 2021, दर्ज कराया गया था। थाना को दिए आवेदन में प्रभु वर्मा कहा था कि हम लोगों का ज्वेलरी और बर्तन का दुकान है। हमारा बड़ा बेटा रजनीश वर्मा व छोटा बेटा यश वर्मा और मैं दुकान चला गया था। जब मेरा छोटा बेटा यस बर्मा घर खाना खाने गया तो वह मुझे और मेरे बड़े बेटे को फोन किया कि तुरंत घर आईए। मेरा फटाफट बड़ा बेटा रजनीश वर्मा घर गया और उसके पीछे से मैं भी सटर गिरा कर घर चला गया। घर जाकर देखा तो मेरी पत्नी मीरा देवी को किसी ने नुकीले हथियार से सर , गाल और हाथ में मार कर घायल किया गया था। वह खून से लथपथ थी। जिसे तुरंत उठाकर एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। वहां उसे उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसे सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गयी। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया।


**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची**

**e-Tender No. : 1169** **Date 17.3.2026**

**अल्पकालीन ई– निविदा**

रॉंची जिले के लिए सदर अस्पताल,रॉंची एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के लिए DICOM Imaging Solution for medical Imaging का क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्राधिकृत प्रतिष्ठान एवं फर्म से दिनांक **8.4.2026 के अपराह्न 5.00 बजे** तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर दिनांक 19.3.2026 से देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्धि पत्र **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉंची**

PR 375481 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D



**झारखण्ड राज्य सहकारी मत्स्य संघ लि0 (झास्कोफिश)**
**(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार का उपक्रम)**
**डोरण्डा, रॉंची – 834002**

**झास्कोफिश से सम्बद्ध मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिये "मछुआ कल्याण कोश" से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना**

एतद् द्वारा झास्कोफिश से सम्बद्ध सभी मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को सूचित किया जाता है कि झास्कोफिश के निदेशक पर्षद की सम्पन्न बारहवीं बैठक में झास्कोफिश अन्तर्गत गठित "मछुआ कल्याण कोश" से सहायता हेतु दी जाने वाली राशि की बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है।

**"मछुआ कल्याण कोश" की विभिन्न योजना एवं पात्रता :–**

| क्र0 | विवरणी | पात्रता | सहायता राशि (राशि रू0 में) | आव[illegible]यक दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सदस्य के मृत्यु होने पर | सम्बद्ध सक्रिय मत्स्य कृषक | 10000.00 | 1. मृत्यु प्रमाण–पत्र 2. कार्यकारिणी का प्रस्ताव। 3. संबंधित जिला मत्स्य पदाधिकारी की अनुशंसा। |
| 2 | सुपुत्री के विवाह हेतु सहायता अनुदान | 18 वर्ष से अधिक आयु की एक सुपुत्री एवं जो मुख्यमंत्री लाडली योजना से अच्छादित नहीं है। | 10000.00 | 1. विवाह निमंत्रण पत्र की प्रति। 2. कार्यकारिणी का प्रस्ताव। 3. संबंधित जिला मत्स्य पदाधिकारी की अनुशंसा। |
| 3 | गंभीर बीमारी के उपचार हेतु (जैसे–कैंसर, हृदय रोग, किडनी रोग) | मछुवा एवं उनके परिवार के सदस्य हेतु | (क) गंभीर बीमारियों के लिए 20000.00 रू0 मात्र का सहायता अनुदान राशि। (ख) पक्षघात के ईलाज के लिए 10000.00 रू0 मात्र का सहायता अनुदान राशि। (ग) मानसिक बीमारी से ग्रसित के ईलाज हेतु मो0–10000.00 रू0 मात्र का सहायता अनुदान राशि। | 1. संबंधित चिकित्सक (सरकारी संस्थान के) से चिकित्सा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के बाद ही वित्तीय सहायता प्रदान किया जायेगा। 2.कार्यकारिणी का प्रस्ताव। 3.संबंधित जिला मत्स्य पदाधिकारी की अनुशंसा। |

सभी झास्कोफिश संबद्व मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से अनुरोध है कि वे झास्कोफिश अन्तर्गत गठित "मछुआ कल्याण कोश" में राशि (प्रति सदस्य मो0 100/–रू0 मात्र के अनुरूप कुल सदस्यों के लिये) जमा करें एवं उक्त योजना का लाभार्थी बने। राशि समिति के सुविधानुसार किस्तों में भी जमा की जा सकती है।

**प्रबंध निदेशक**
**झास्कोफिश**

PR 375446 (Jharkhand State Co-Operative Fisheries Federation Ltd)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 41/2025–26

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 27.03.2026 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.03.2026 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 28.03.2026 के 4.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

• कार्य की विवरणी

| क0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revival of IM II hand pumps (installed over Drilled Tube wells) defunct due to rotten riser pipes by Changing their rotten riser pipes, connecting rods, C.I. cylinders (wherever required) etc. in different rural areas of Gumla district under D.W. & S. Div. Gumla during the year 2025-26. | RRP/GUM – 1 | 75 Nos. | 11,05,500.00 | 22,500 | 2500.00 | 02 माह |
| 2 | | RRP/GUM – 2 | 75 Nos. | 11,05,500.00 | 22,500 | 2500.00 | 02 माह |
| 3 | | RRP/GUM – 3 | 75 Nos. | 11,05,500.00 | 22,500 | 2500.00 | 02 माह |
| 4 | | RRP/GUM – 4 | 75 Nos. | 11,05,500.00 | 22,500 | 2500.00 | 02 माह |
| 5 | | RRP/GUM – 5 | 75 Nos. | 11,05,500.00 | 22,500 | 2500.00 | 02 माह |
| 6 | | RRP/GUM – 6 | 75 Nos. | 11,05,500.00 | 22,500 | 2500.00 | 02 माह |
| 7 | | RRP/GUM – 7 | 80 Nos. | 11,79,200.00 | 23,500 | 2500.00 | 02 माह |

**नोट** :– निविदा से संबंधित अन्य जानकारी हेतु प्रमण्डल कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगा।

**कार्यपालक अभियंता**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

PR 375470 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

## एक झलक

### मुख्यमंत्री ने बिहारवासियों को दीं चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि चैत्र नवरात्र समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आये, यही मेरी शुभकामना है।

### कटिहार मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशनों का निरीक्षण कर दिया यात्री सुविधाओं पर जोर

**कटिहार :** कटिहार मंडल के डीआरएम, किरेंद्र नरह ने दलन, रानीपतरा, पूर्णिया, जलालगढ़, अररिया कोर्ट, अररिया और रहमतपुर स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गुड्स शेड, सकुर्लेटिंग एरिया, यात्री सेवाएं, स्वच्छता और परिचालन की जांच की। निरीक्षण में पाया गया कि स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता है। डीआरएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यात्री सुविधाओं को बढ़ाने और माल ढुलाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर काम करें। इस अवसर पर सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह, सीनियर डीईएन–कक्क अनिल कुशवाहा, सीनियर डीएसओ अमित कुमार सिंह, सीनियर डीओएम अजितेश दास समेत कई अधिकारी मौजूद थे। डीआरएम ने कहा कि यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित रेल सेवाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यात्री सुविधाओं के उन्नयन, सुरक्षा मानकों के अनुपालन और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखें।

### यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर सवर्ण समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

**पूर्वी चंपारण :** केन्द्र सरकार के द्वारा लाए जा रहे यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग करते हुए सवर्ण समाज के लोगों के द्वारा रक्सौल अनुमंडल में बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद सवर्ण समाज के एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम से अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय सवर्ण समाज मंच के जिलाध्यक्ष सुभाषचंद्र सिंह ने बताया कि हमलोग यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग कर रहे है। यूजीसी कानून को इसलिए वापस लिया जाना जरूरी है क्योंकि इस कानून का एससी–एसटी एक्ट की तरह दुरूपयोग होगा। हमलोगों ने अपने ज्ञापन में यह मांग की है कि पहले से चले आ रहे कानून को ही प्रचलन में रखा जाए और यूजीसी कानून को वापस लिया जाए। यदि, ऐसा नहीं होता है तो हमलोग अपना प्रदर्शन आगे भी जारी रखेगें। मौके पर रोहन सिंह, विश्वरंजन सिंह, अनुपम राजा, रणवीर कुमार, प्रदीप कुमार, विशाल सिंह, अंटू सिंह सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### भारतीय नव वर्ष पर नवप्रभात कार्यक्रम का होगा आयोजन

**सारण :** कला एवं साहित्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती सारण जिला इकाई द्वारा भारतीय नव वर्ष के स्वागत की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। कल 19 मार्च 2026 को शहर के शाह बनवारी लाल सरोवर के तट पर नवप्रभात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक जड़ों और आध्यात्मिक विरासत से परिचित कराना है। कार्यक्रम के संयोजक मोहित कुमार सिंह और प्रांतीय सदस्य राजेश चंद्र मिश्र ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 'नवप्रभात' का समय प्रातः 5:30 बजे से 9:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरोवर के तट पर प्रातः काल उगते हुए भगवान भास्कर को सामूहिक सूर्य वंदना से शुभारंभ होगा। जैसे ही सूर्य की पहली किरण सरोवर के जल को स्पर्श करेगी, शंखध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नव वर्ष का अभिनंदन होगा।

## नीतीश ने जमुई में 914 करोड़ की 370 योजनाओं का किया उद्घाटन–शिलान्यास

# कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को किये सांकेतिक चेक वितरित

एजेंसी



**जमुई :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समृद्धि यात्रा के दौरान जमुई जिले के लघुआड़ में आयोजित कार्यक्रम में 914 करोड़ रुपये की लागत से कुल 370 विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन योजनाओं में 602 करोड़ रुपये की लागत से 181 योजनाओं का उद्घाटन तथा 312 करोड़ रुपये की लागत से 189 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने जिले में 27031.47 लाख रुपये की लागत से बनी कुंडघाट जलाशय योजना का शिलापट्ट अनावरण कर उसका उद्घाटन भी किया और संबंधित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के तहत घोषित योजनाओं की प्रस्तुति का अवलोकन किया और उनके क्रियान्वयन की स्थिति पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक वितरित किए। इसके तहत सतत जीविकोपार्जन योजना में 1073 लाभार्थियों को 5 करोड़ से अधिक की राशि, 12,814 जीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण के रूप में 114 करोड़ से अधिक की राशि तथा 578 समूहों को परिक्रमी और प्रारंभिक निवेश निधि के तहत लगभग 29.62 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड और बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभुकों को भी सहायता प्रदान की।

## सूर्या हॉस्पिटल के मैनेजर,लेखापाल सहित अन्य पर 80 लाख रुपये गबन का थाना में मामला दर्ज, छापेमारी जारी

एजेंसी

**सहरसा :** सूर्या हास्पीटल के मैनेजर व लेखापाल की मिलीभगत से सूर्या हास्पीटल से लाखों रुपए गबन किए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में सूर्या हास्पीटल के निदेशक डा. विजय शंकर ने सदर थाना में आवेदन देकर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। सदर थाना को दिए गए आवेदन में कहा कि सूर्या हास्पीटल में सुसोनु कुमार मैनेजर एवं एलेन फिडेलिस लेखापाल के रूप में वर्षों से कार्यरत था। प्रबंधक व लेखापाल दोनों मिलकर ही मरीजों से पैसों का लेनदेन करते थे। पिछले पांच वर्षों में मिलीभगत कर कंप्यूटर में छेड़छाड़ कर करीब 70-80 लाख रुपए का गबन कर लिया है। पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रबंधक व लेखापाल ने सूर्या हास्पीटल से लाखों रुपए का बंदरबांट आपस में कर लिया। 8 फरवरी 26 को जब रोगियों द्वारा जमा किए गए रुपए एवं दिए गए रुपए का हिसाब किया तो दोनों में विरोधाभास लगा। इसके बाद 9 फरवरी को दोनों को बुलाकर जब विश्वास में लेकर पूछताछ किया तो दोनों ने स्वीकार किया कि हमदोनों पिछले पांच वर्षों से कंप्यूटर में छेड़छाड़ कर धोखाधड़ी एवं ठगी करने की नीयत से अलग- अलग खाता बनाकर धोखाधड़ी कर रुपया गबन कर लेते थे। निदेशक ने आवेदन में यह भी कहा कि दोनों आरोपितों ने कंप्यूटर का दो वर्ष का डाटा भी डिलीट कर दिया है। लेकिन तीन वर्ष के मिले डाटा के मुताबिक प्रबंधक सुसोनू व लेखापाल एलेन ने करीब 48 लाख रुपए का गबन कर लिया है। दोनां ने यह भी कहा कि सूर्या हास्पीटल से किए गए गबन की राशि से घर निर्माण सहित परिवारवालों पर पैसा खर्च कर दिया।

## शांति समिति की बैठक आयोजित, सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिल्ली :** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया। बैठक में सिल्ली थाना की ओर से सभी लोगों से सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। बताया गया कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, अफवाह या आपत्तिजनक पोस्ट साझा नहीं करने की हिदायत दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के घातक हथियार या शराब का सेवन कर शामिल होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हुड़दंग करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। सभी लोगों से अपील की गई कि वे त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। जुलूस एवं अखाड़ा समितियों को निर्देश दिया गया कि वे मेडिकल सुविधा और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में प्रशासन ने आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। इस दौरान विभिन्न समितियों एवं जुलूस अखाड़ा के अध्यक्षों ने भी अपने-अपने सुझाव एवं विचार रखे। इस मौके पर एसआई रामदेव यादव, अरुण कुमार यादव, उदय सिंह, युधिष्ठिर महतो, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी देवी, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, कार्तिक चन्द्र महतो, नरोत्तम गोराई, राधिका महतो, कमलनाथ मांझी सहित शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

## मंगलवारी जुलूस में सेवा की मिसाल, संतोष गुप्ता ने किया भव्य स्वागत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित ओरमांझी में मंगलवार को निकले मंगलवारी जुलूस के दौरान सेवा और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला। जिला युवा मोर्चा सचिव रौनियार सह उप मुखिया एवं भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। जुलूस मार्ग पर विशेष रूप से लगाए गए सेवा शिविर में श्रद्धालुओं के लिए फल, ताजे सलाद और जूस की व्यवस्था की गई थी। भीषण गर्मी को देखते हुए यह पहल श्रद्धालुओं के लिए काफी राहतभरी साबित हुई। जुलूस में शामिल लोगों ने ठहरकर प्रसाद स्वरूप फल और पेय पदार्थ ग्रहण किए और इस सेवा कार्य की सराहना की। इस दौरान क्षेत्र में उत्साह और



भक्ति का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुलूस में शामिल हुए और सेवा शिविर पर रुककर संतोष गुप्ता एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। संतोष गुप्ता ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में सेवा करना भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा, ह्लइस तरह के आयोजनों में श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। आगे भी हम इसी तरह समाज के बीच सेवा कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेखा देवी, पुष्पांजलि देवी, रीता देवी, अनीता देवी, किरण देवी, पिंकी देवी, बीना देवी, सुनैना देवी आदि स्थानीय कार्यकर्ताओं और युवाओं की भी अहम भूमिका रही। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

## रामगढ़ में त्योहारों से पहले हाई अलर्ट, पुलिस ने किया मॉक ड्रिल और फ्लैग मार्च

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में ईद, सरहुल और रामनवमी जैसे आगामी त्योहारों को देखते हुए शांति और भाईचारे के साथ इन्हें मनाने की अपील की गई है। साथ ही किसी भी संभावित अशांति से निपटने के लिए पुलिस ने व्यापक तैयारी की है। पुलिस लाइन में बुधवार शाम मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें दंगा और आगजनी जैसी परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मी बुलेटप्रूफ जैकेट, बॉडी शील्ड और लाठियों से लैस नजर आए और उपद्रवियों को काबू करने की रणनीतियों का प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि जिले में सभी जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएंगे और डीजे के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भड़काऊ गाने, आपत्तिजनक पोस्ट या सोशल मीडिया पर गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रख रही है और असामाजिक तत्वों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, जिले के सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया है, ताकि लोगों में सुरक्षा का विश्वास बढ़े और उपद्रवियों का मनोबल कमजोर पड़े।

## मुरी ओपी में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मुरी :** आगामी होने वाले ईद, सरहुल एवं रामनवमी त्योहार को लेकर मुरी ओपी के सभागार में शांति समिति का बैठक बुधवार को संपन्न किया गया। जिसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने किया, एवं संचालन मो फारूख ने किया। इस बैठक के मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की गाइडलाइन को देखते हुए डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार का सोशल मीडिया पर अफवाहें ना फैलाएं। आपत्तिजनक पोस्ट पर सरकार की नजर रहेगी, जिस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डीजे के जगह पारंपरिक के वाद्य यंत्र का प्रयोग करें। ओपी प्रभारी श्री मेहता ने कहा कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार का घातक हथियार लेकर ना चले। उन्होंने शराब पर भी प्रतिबंध लगाने की बात कही। त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाए। प्रशासन पुरी तरह मुस्तैद रहेगी ।इस मौके पर गोपाल केडिया, सुशील महतो, चांद हुसैन, अमित कुमार, शिशुपाल महतो आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर श्रीराम कमेटी के सदस्य ,सरहुल समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण विभिन्न मस्जिद के सदर एवं सदस्य गण रामनवमी अखाड़ा के अध्यक्ष एवं सदस्य गण समेत शांति समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## भारत डॉलर के बजाय रुपये में करे व्यापार, निजीकरण नीति पर पुनर्विचार करे सरकार : अन्नावादी इंसाफ पार्टी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** अन्नावादी इंसाफ पार्टी ने भारत सरकार से विदेश व्यापार नीति में संशोधन करने की मांग की है। पार्टी के केंद्रीय संयोजक अधिवक्ता कफीलुर रहमान ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर, खासकर पड़ोसी, एशियाई और खाड़ी देशों के साथ डॉलर के बजाय रुपये में व्यापार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया तेजी से बदल रही है और सभी देश अपने-अपने हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऐसे में भारत को भी बिना किसी दबाव के अपनी मुद्रा को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। रुपये में व्यापार होने से न केवल भारतीय मुद्रा मजबूत होगी, बल्कि देश को आर्थिक स्वतंत्रता भी मिलेगी। इसके साथ ही महंगाई में कमी आएगी, गरीबी दर घटेगी और अन्य देशों के साथ संबंध भी मजबूत होंगे। कफीलुर रहमान ने सरकारी विभागों और ऊर्जा स्त्रोतों–जैसे बिजली, कोयला और परमाणु क्षेत्र–के निजीकरण पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि निजीकरण के कारण आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा है, जबकि इसका लाभ बड़े औद्योगिक घरानों और भ्रष्ट नेताओं-अधिकारियों को मिल रहा है, जो देशहित में उचित नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि निजीकरण से संबंधित समझौतों को वापस लिया जाए या फिर आम जनता के हित में आवश्यक संशोधन किया जाए।

## जहरीले धुएं, रासायनिक जल व कब्जे से ग्रामीण त्रस्त



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़) :** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत बनतारा मौजा स्थित वनांचल कॉनकास्ट प्रा० लि० के विरुद्ध ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। प्रदूषण, रसायनयुक्त गंदा पानी, गैर-मजरुआ भूमि पर कब्जा, तालाब की घेराबंदी और स्थानीय लोगों की अनदेखी जैसे गंभीर आरोपों ने फैक्ट्री प्रबंधन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। जाँच के दौरान जो तथ्य सामने आए, उससे ग्रामीणों की शिकायतें काफी हद तक सही प्रतीत हुईं। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर हुई जाँच में अनुमंडल कार्यालय से विशेष पदाधिकारी संजय कुमार बक्शी, अंचलाधिकारी सीताराम महतो तथा अंचल निरीक्षक मनोज कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। जाँच के क्रम में बड़ी संख्या में रैयत और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मौके पर मुकेश कुमार सन्नी, दिवाकर करमाली, रंजीत, पिंटू, सागर, अंश, शंकर, अमित, देवेंद्र, सिकेंद्र, सुजीत, अशोक, सनिचर, अनुक और परवेज उपस्थित होकर एक-एक बिंदु पर अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इनके अलावा कॉंग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, गुलाम सरोवर और लतीफ अंसारी भी जाँच के दौरान मौजूद थे। ग्रामीणों ने अधिकारियों को आवेदन में उल्लिखित प्रत्येक बिंदु स्थल पर दिखाया। जांच के दौरान यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि फैक्ट्री से निकलने वाला गंदा और रसायन युक्त पानी आसपास के जलस्त्रोतों और गोमती नदी के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। इस पर अंचलाधिकारी ने फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े विष्णु कुमार बंका को सख्त निर्देश दिया कि फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी को तत्काल सुरक्षित रूप से फैक्ट्री परिसर में ही संरक्षित किया जाए और किसी भी स्थिति में उसे बाहर या नदी की ओर न बहने दिया जाए।

## सरहुल पर्व की तैयारी तेज, रांची में महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड का प्रमुख आदिवासी प्रकृति पर्व सरहुल इस वर्ष 21 मार्च को पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। पर्व के मद्देनजर बुधवार को कांके रोड स्थित पूर्व महापौर अशोक कुमार सिंह के वार्ड संख्या-2 स्थित आवास पर मिसिरगोंदा क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक विशेष बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरहुल पर्व से पूर्व समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करना और सामुदायिक एकता को मजबूत करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और पारंपरिक तरीके से आयोजन को



सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं को पारंपरिक लाल पाड़ साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पारंपरिक व्यंजनों के साथ सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग और भी गहरा हो गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सरहुल केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक है। इसे संरक्षित और समृद्ध करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस पर्व को पारंपरिक गरिमा, स्वच्छता और आपसी सद्भाव के साथ मनाएं। बैठक में शामिल महिलाओं ने भी सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि इस वर्ष सरहुल पर्व को और अधिक हर्षोल्लास, पारंपरिक रीति-रिवाजों और स्वच्छ वातावरण के साथ मनाया जाएगा।

कार्यक्रम में पूर्व मेयर अशोक कुमार सिंह, महावीर लकड़ा, मनोज राव, सुरेश टोप्पो, अनिल लकड़ा सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं। वहीं अग्नि टोप्पो, लॉरी लकड़ा, इतवारी कच्छप, मेरी कुजूर, पुष्पा राव, सुमन टोप्पो, संगीता उरांव, आशा उरांव, चंपू राम, कदमी बंधु, अलका टोप्पो समेत अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। आयोजन समिति में अशोक कुमार सिंह, महावीर लकड़ा, अनिल उरांव, मनोज उरांव, महादेव उरांव, सुरेश टोप्पो, विनीता उरांव, भोलीरा उरांव और लीलावती उरांव सहित कई लोग सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

# कृषि प्रसार कर्मियों ने सीखे फसल विविधीकरण के गुर

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना एवं कृषि विज्ञान केंद्र, पीपराकोठी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को ह्लफसल विविधीकरण के माध्यम से जीविकोपार्जन में वृद्धिह्व विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में पूर्वी चंपारण जिले के कुल 20 कृषि प्रसार कर्मियों ने भाग लिया, जिनमें 5 महिला प्रतिभागी भी शामिल रहीं। परियोजना के प्रधान अन्वेषक एवं फसल अनुसंधान प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने



प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में प्रसार कर्मियों को संबोधित करते हुए फसल विविधीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पारंपरिक खेती में विविध फसलों को शामिल करने से उत्पादन क्षमता बढ़ती है और किसानों की आय में स्थायी वृद्धि संभव होती है। साथ ही उन्होंने विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी, मोतिहारी, मनीष कुमार सिंह ने प्रसार कर्मियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त आधुनिक तकनीकों को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाएं, जिससे खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। कृषि विज्ञान केंद्र, पीपराकोठी के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्नत फसल उत्पादन एवं प्रबंधन तकनीकों की जानकारी साझा की।आत्मा के उप-परियोजना निदेशक डी.पी. धीर ने फसल विविधीकरण को ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण साधन बताया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. पंकज सिंह ने मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता प्रबंधन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की, वहीं डॉ. के. प्रसाद ने उद्यानिकी फसलों के समावेश से आय बढ़ाने की संभावनाओं को रेखांकित किया। पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक कुमार ने जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में फसल विविधीकरण एवं कृषिवानिकी की प्रासंगिकता पर बल दिया। कृषि विज्ञान केंद्र की विषय-वस्तु विशेषज्ञ डॉ. गायत्री कुमारी पाढ़ी ने समेकित कीट प्रबंधन तथा श्रीमती सविता कुमारी ने श्री अन्न के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर विस्तृत जानकारी दी। निदेशक डॉ. अनुप दास ने अपने संदेश में कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में फसल विविधीकरण किसानों की आय वृद्धि का प्रभावी माध्यम है। यह प्रशिक्षण 19 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में केंद्र के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।







आईपीएल 2026

# आरसीबी टीम से जुड़े विराट, भुवनेश्वर और क्रुणाल

**एजेंसी**

**बेंगलुरू :** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, क्रुणाल पांड्या और देवदत्त पडिक्कल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले टीम से जुड़ गए हैं। आईपीएल के इस सीजन की शुरूआत 28 मार्च से हो रही है। आरसीबी अपने अभियान की शुरूआत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में करेगी। आरसीबी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए इन स्टार खिलाड़ियों के पहुंचने की पुष्टि की। आरसीबी ने एक्स पर विराट के आगमन के बारे में पोस्ट करते हुए लिखा, ₹उन्हें देखने की जरूरत नहीं है.. यह जानने के लिए कि वे आ रहे हैं। कैलेंडर देखें। संकेत मिल जाएंगे। 'स्विंग किंग' भुवनेश्वर भी टीम में शामिल हो गए हैं। आरसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया कि वह शांति लाते हैं, लेकिन उनका प्रभाव जबरदस्त है। भुवी घर लौट आए हैं और यह अनुभवी खिलाड़ी एक बार फिर जिम्मेदारियां संभालने के लिए तैयार हैं। हमारे स्विंग किंग को अपना प्यार दिखाएं। पडिक्कल भी टीम से जुड़ गए हैं, जिन्होंने पिछले सीजन में नंबर तीन पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आरसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया कि 2020 में पदार्पण किया। 2026 में भी हमारे ही। बेंगलुरु के अपने स्टार बॉय, देवदत्त पडिक्कल आईपीएल 2026 के लिए पूरी तरह तैयार हैं। क्रुणाल के टीम से जुड़ने पर फ्रेंचाइजी ने पोस्ट कर लिखा कि औरा 'के' से शुरू होता है और 'एल' पर खत्म होता है। वह वापस आ गया है। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं कि बेंगलुरु का मौसम आज थोड़ा और ठंडा हो गया है। 12वीं मैन आर्मी, हमारे 'क्लच गॉड' क्रुणाल पांड्या पर अपना प्यार बरसाना शुरू कर दो। पिछले सीजन में विराट कोहली ने 15 पारियों में 54.75 के औसत और 144.71 के स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे, जिसमें आठ अर्धशतक शामिल थे। कोहली 267 आईपीएल मैचों में आठ शतक और 63 अर्धशतकों के साथ 8,661 रन बना चुके हैं। पिछले सीजन भुवनेश्वर आरसीबी के लिए तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, जिन्होंने 14 मैचों में 28.41 के औसत से 17 विकेट लिए थे। भुवनेश्वर 190 आईपीएल मैचों में 198 विकेट ले चुके हैं। वहीं क्रुणाल ने आरसीबी के लिए पिछले सीजन में 15 मैचों में 17 विकेट लेने के साथ बल्ले से 109 रन भी बनाये थे।

## राजस्थान रॉयल्स से जुड़े यशस्वी और वैभव



**नयी दिल्ली :** बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन के लिए अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स से जुड़ गए हैं। आईपीएल की शुरुआत 28 मार्च को होगी। इसमें रॉयल्स की टीम अपने अभियान की शुरूआत 30 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले से करेगी। टीम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो जारी करते हुए वैभव और यशस्वी के शामिल होने की पुष्टि की है। पिछले सीजन राजस्थान का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इस बार टीम युवा कप्तान रियाल पराग की कप्तानी में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। पिछली बार टीम 14 मुकाबलों में से सिर्फ 4 में ही जीत पायी थी और 9वें स्थान पर रही थी। राजस्थान की ओर से इस बार रवींद्र जडेजा और सैम करन भी खेलते हुए नजर आयेंगे।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने मैदानकर्मियों को जर्सी भेंट कर किया सम्मानित



**नयी दिल्ली :** लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और क्रिकेट डायरेक्टर टॉम मूडी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले ही मैदानकर्मियों को जर्सी भेंट कर सम्मानित किया है। लैंगर और मूडी के मैदानकर्मियों को जर्सी भेंट करने की तस्वीरें भी सोशम मीडिया में साझा की है। साथ ही लिखा, हमारे मैदानकर्मियों के लिए, सीधे हमारे दिल से। आईपीएल की शुरूआत 28 मार्च से होने वाली है। वहीं सुपर जायंट्स की टीम आईपीएल 2026 में अपना पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलेगी। इसके बाद टीम अपना दूसरा मैच 5 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। आईपीएल 2026 के पहले चरण के कार्यक्रम के अनुसार, लखनऊ सुपर जायंट्स को 4 मैच खेलने हैं। सुपर जायंट्स 9 अप्रैल को ईडन गार्डन्स के मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी।

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग के टॉप-5 में पहुंचे बुमराह

## अफ्रीकी बॉलर बॉश के पॉइंट्स गिरने से फायदा; अभिषेक लगातार 08 महीने से नम्बर-1 बैटर



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी-20 बॉलर्स की रैंकिंग के टॉप-5 में वापसी कर ली है। वे बिना कोई मैच खेले टॉप-5 में पहुंच गए हैं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टी-20 वर्ल्डकप के बाद हुई साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की 5 मैच की सीरीज में अफ्रीकी टीम में कॉर्बिन बॉश को मौका नहीं मिला है। इससे उन्हें रैंकिंग में नुकसान हुआ और वह छठे स्थान पर खिसक गये। आईसीसी ने बुधवार को ताजा प्लेयर रैंकिंग जारी की। इसमें जसप्रीत 702 रेटिंग अंक के साथ पांचवें पहुंच गए। बुमराह टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। बैटर्स की रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। भारत के अभिषेक शर्मा (875 रेटिंग पॉइंट्स) टॉप पर हैं। वे जुलाई 2025 से टी-20 के नंबर-1 बल्लेबाज बने हुए हैं।

ICC टी-20

**बॉलर्स रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | राशिद खान | अफगानिस्तान | 753 |
| 2 | वरुण चक्रवर्ती | भारत | 740 |
| 3 | अबरार अहमद | पाकिस्तान | 736 |
| 4 | आदिल राशिद | इंग्लैंड | 721 |
| 5 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 702 |
| 6 | कॉर्बिन बॉश | साउथ अफ्रीका | 690 |
| 7 | एडम जम्पा | ऑस्ट्रेलिया | 682 |
| 8 | मैथ्यू फोर्डे | वेस्टइंडीज | 667 |
| 9 | मुस्तफिजुर रहमान | बांग्लादेश | 665 |
| 10 | मुजीब उर रहमान | अफगानिस्तान | 663 |

ICC टी-20

**बैटर्स रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | अभिषेक शर्मा | भारत | 875 |
| 2 | ईशान किशन | भारत | 871 |
| 3 | साहिबजादा फरहान | पाकिस्तान | 848 |
| 4 | फिल सॉल्ट | इंग्लैंड | 792 |
| 5 | पथुम निसांका | श्रीलंका | 766 |
| 6 | तिलक वर्मा | भारत | 742 |
| 7 | टिम साइफर्ट | न्यूजीलैंड | 734 |
| 8 | डेवाल्ड ब्रेविस | साउथ अफ्रीका | 723 |
| 9 | सूर्यकुमार यादव | भारत | 722 |
| 10 | जोस बटलर | इंग्लैंड | 716 |

ICC टी-20

**ऑलराउंडर्स रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे | 328 |
| 2 | हार्दिक पंड्या | भारत | 299 |
| 3 | सईम अयूब | पाकिस्तान | 275 |
| 4 | दीपेंद्र सिंह ऐरी | नेपाल | 244 |
| 5 | अजमतुल्लाह उमरजई | अफगानिस्तान | 241 |
| 6 | रोस्टन चेस | वेस्टइंडीज | 239 |
| 7 | मिचेल सैंटनर | न्यूजीलैंड | 213 |
| 8 | मोहम्मद नबी | अफगानिस्तान | 209 |
| 9 | मोहम्मद नवाज | पाकिस्तान | 203 |
| 10 | रोमारियो शेफर्ड | वेस्टइंडीज | 197 |

### बॉलर्स रैंकिंग में कीवी कप्तान सैंटनर को भी फायदा

**टी-20** इंटरनेशनल रैंकिंग में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर को फायदा मिला है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की सीरीज के पहले 2 मुकाबलों में उन्होंने 3 विकेट लेने के साथ 35 रन भी बनाए, जिसकी बदौलत सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। वहीं, अभी तीन मैच बाकी हैं। इस प्रदर्शन के दम पर सैंटनर गेंदबाजों की रैंकिंग में 11 स्थान की छलांग लगाकर 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पिछले हफ्ते वह 24वें नंबर पर थे। टी-20 के ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी मिचेल सैंटनर करियर की बेस्ट रैंकिंग में पहुंच गए हैं। वे दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर आ गए हैं।

### कॉन्वे ने बैटर्स रैंकिंग में 04 स्थान की छलांग लगायी

**बल्लेबाजों** की टी-20 रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। ईशान किशन भी पिछले हफ्ते की तरह दूसरे नंबर पर हैं। दोनों में सिर्फ 4 पॉइंट का अंतर है। न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए चार स्थान की छलांग लगाई। अब वह 70वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में कोई नया नाम नहीं

**ऑलराउंडर्स** की रैंकिंग में कोई नया नाम शामिल नहीं हुआ है। सैंटनर ही 9वें से 7वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### वनडे रैंकिंग में सलमान आगा को 09 स्थान का फायदा

**वनडे** रैंकिंग में बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज और पाकिस्तान के टी-20 कप्तान सलमान अली आगा को फायदा हुआ है। पाकिस्तान के सलमान अली आगा हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी वनडे में शतक लगाया था, इससे उन्होंने एक साथ 9 स्थानों की छलांग मारी है, इससे अब वे 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अब केएल राहुल के बराबर 664 हो गई है।

### बॉलर्स में मेहदी हसन को फायदा

**बांग्लादेश** के लिए इस हफ्ते मेहदी हसन मिराज वनडे बॉलर्स की ताजा रैंकिंग में 9 स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं 28 साल के मिराज ने ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी दो पायदान का सुधार किया है और अब वह इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

## उपायुक्त ने क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों के खिलाड़ियों के बीच खेल किट का किया वितरण, बढ़ाया उत्साह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहेबगंज :** खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार, रांची एवं जिला प्रशासन, साहेबगंज के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित विभिन्न क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध कराए गए खेल किट का वितरण समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त हेमंत सती के हाथों किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिले के सिद्धों कान्हु स्टेडियम, साहेबगंज में संचालित बालक आवासीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र (25), डे बोर्डिंग बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र (25) तथा +2 बी.डी. उच्च विद्यालय, सकरीगली में संचालित डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र (25) के कुल 75 प्रशिक्षुओं के बीच खेल किट (जूता, मोजा, टोपी, एथलेटिक्स किट, टी-शर्ट, ट्रैक सूट एवं बैग) का वितरण किया। उपायुक्त ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का भी विकास करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते हुए जिले, राज्य एवं देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक -सह- जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, साहेबगंज के प्रशिक्षक योगेश यादव एवं डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, सकरीगली के प्रशिक्षक अशोक साहनी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# झारखंड

## एक झलक

### एसएसबी जवान ने खुद को गोली मार कर की खुदकुशी

**चतरा :** सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत शिला पिकेट में मंगलवार देर रात एसएसबी के एक जवान ने खुदकुशी कर ली। देर रात अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर साथी जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक जवान गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर चुका था। जानकारी के अनुसार, जवान ने अपनी ही सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। घटना के बाद पिकेट में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल अवस्था में जवान को संभालने की कोशिश की गई, लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृत जवान की पहचान प्रह्लाद सिंह के रूप में हुई है। वे एसएसबी की 35वीं बटालियन में तैनात थे और झारखंड के देवघर जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### ड्यूटी के दौरान ट्रेन मैनेजर देवेंद्र शर्मा की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम :** ड्यूटी निभाते हुए रेलवे के ट्रेन मैनेजर देवेंद्र शर्मा (57) की मौत हो गई। वे जमशेदपुर के परसुडीह स्थित मां दुर्गा अपार्टमेंट फेज-6 के निवासी थे। घटना के बाद रेलवे की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, देवेंद्र शर्मा ने अपने करियर की शुरूआत ट्रेन्स क्लर्क के रूप में की थी। वर्ष 2004 में वे गार्ड बने, जिसे अब ट्रेन मैनेजर (गुड्स) कहा जाता है। चक्रधरपुर, आदित्यपुर और टाटा में सेवा देने के बाद हाल ही में वे ट्रेन मैनेजर (पैसेंजर) के रूप में चक्रधरपुर में पदस्थापित थे। बताया जा रहा है कि 16 मार्च 2026 की शाम करीब 5 बजे वे ट्रेन संख्या 12869 लेकर हावड़ा के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, लेकिन उन्होंने ट्रेन को बीच रास्ते में नहीं रोका। सहकर्मियों का आरोप है कि प्रशासनिक दबाव और कार्रवाई के डर से उन्होंने खराब हालत में भी ड्यूटी जारी रखी। करीब 11 घंटे की ड्यूटी के बाद 17 मार्च 2026 को सुबह 3 :15 बजे उन्होंने ट्रेन को हावड़ा स्टेशन पहुंचाया।

## अधिशासी निदेशक स्किल एक्सीलेंस प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में 'अधिशासी निदेशक (संकार्य) स्किल एक्सीलेंस प्रतियोगिता-2026' के पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त द्वारा परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को सुरक्षा शपथ दिलाई। इस प्रतियोगिता का आयोजन कुल दस प्रमुख तकनीकी श्रेणियों में किया गया था, जिसमें फिटर , टर्नर, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक्स, ड्राइव्स, पीएलसी (प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर), हाइड्रोलिक्स, कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट), इलेक्ट्रिशियन एवं इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक्स शामिल थे प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार, फिटर श्रेणी में ब्लास्ट फर्नेस के बीरेन्द्र कपरदार विजेता रहे, जबकि सौविक दास प्रथम रनर-अप और अमरजीत गरेरी द्वितीय रनर-अप घोषित किए गए। टर्नर श्रेणी में ब्लास्ट फर्नेस मैकेनिकल के संदीप पूर्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सिंटर प्लांट के शशि भूषण खाल्खो दूसरे और बीरेन्द्र बी पूर्ति तीसरे स्थान पर रहे. एआई श्रेणी में सीईडी - एस आई जी एस के मोहित गुप्ता विजेता बने, जबकि ए. के. पाण्डेय प्रथम रनर-अप और अमर्त्य शिवम द्वितीय रनर-अप रहे। इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक्स में एम. के. पाण्डेय ने बाजी मारी, वहीं डी. कुमार और आर. कुमार क्रमश दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

## अवैध साल लकड़ी से भरी 12 ट्रक जब्त

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में वन विभाग ने बंदगांव थाना क्षेत्र के पोड़ाहाट वन क्षेत्र से अवैध लकड़ी से भरा एक 12 चक्का ट्रक जब्त किया है। ट्रक में भारी मात्रा में साल की लकड़ी लदी हुई थी। हालांकि वन कर्मियों को देखते ही चालक और उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, सोंगरा-केरा वन क्षेत्र के रेंजर तरुण कुमार सिंह को मंगलवार शाम गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम का गठन कर हेसाडीह क्षेत्र में छापेमारी के लिए भेजा गया।

## मनरेगा कर्मियों की हड़ताल के बीच भवनाथपुर में नया नेतृत्व, जयराम बने प्रखंड अध्यक्ष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा) :** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मी संघ के आह्वान पर जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच बुधवार को भवनाथपुर प्रखंड में संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और हड़ताल के दौरान कार्यों के बेहतर समन्वय को लेकर सर्वसम्मति से नए प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव किया गया, जिसमें जीआरएस जयराम को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। जानकारी के अनुसार, मनरेगा कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 9 मार्च से 11 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल की थी। इसके बाद 12 मार्च से कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी, जो अब भी जारी है। इस दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता और सहायक अभियंता के हड़ताल से अलग होकर कार्य पर लौटने से संगठन के भीतर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इसी परिप्रेक्ष्य में संघ ने नेतृत्व में बदलाव का निर्णय लिया। बैठक में उपस्थित सभी कर्मियों ने एकमत से जयराम के नाम पर सहमति जताते हुए उन्हें प्रखंड अध्यक्ष चुना। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन के अन्य सभी पदाधिकारियों को यथावत रखा जाएगा, ताकि संगठनात्मक ढांचा स्थिर बना रहे और हड़ताल के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इस प्रस्ताव का समर्थन जीआरएस दयानंद प्रजापति, तहमीद अंसारी, किशोर कुमार, परमानंद ठाकुर, शशि कुमार, मनोज कुमार, धर्मराज सिंह, पिनाकी चतुर्वेदी, लेखापाल सुनील तिवारी और ऑपरेटर अनुज कुमार सहित अन्य कर्मियों ने किया। नवनियुक्त अध्यक्ष जयराम ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता संगठन की एकजुटता बनाए रखना और सभी मनरेगा कर्मियों के हितों की रक्षा करना होगी। उन्होंने सभी साथियों से अपील की कि वे एकजुट रहकर अपनी मांगों के समर्थन में संघर्ष को मजबूती दें, ताकि सरकार तक उनकी आवाज प्रभावी तरीके से पहुंच सके। हड़ताल के बीच हुए इस नेतृत्व परिवर्तन को संगठन के भीतर नई ऊर्जा और दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है। इससे उम्मीद जतायी जा रही है कि कर्मियों की मांगों को लेकर आंदोलन और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ेगा।

## फिटनेस और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बीएसएल आयोजित करेगा साइक्लोथॉन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** देशव्यापी फिट इंडिया मूवमेंट के अनुरूप, बोकारो स्टील प्लांट 29 मार्च को बोकारो साइक्लोथॉन 2026 का आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन में फिटनेस, एक्टिव मोबिलिटी और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। यह साइक्लोथॉन लोगों को साइकिलिंग को एक स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, साथ ही सामुदायिक भागीदारी और स्वस्थ जीवनशैली की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगा।14 किलोमीटर की यह प्रतियोगिता प्रातः 6:30 बजे सेक्टर-4 स्थित आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के निकट से प्रारंभ होगी। प्रतिभागियों को निर्धारित मार्ग पर दो राउंड पूरे करने होंगे, जिसमें पथरकट्टा चौक, राम मंदिर, राजेंद्र चौक और गांधी चौक शामिल हैं, और अंत में वे पुन प्रारंभिक स्थल पर लौटेंगे। प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्गों में चार आयु श्रेणियों–14 वर्ष तक, 14 से 30 वर्ष, 30 से 50 वर्ष तथा 50 वर्ष से अधिक में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिसमें प्रथम पुरस्कार 5,000, द्वितीय 3,500 और तृतीय 2,000 निर्धारित है। इस आयोजन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आधिकारिक वेबसाइट www.bokaromarathon.com पर प्रारंभ हो चुका है, जो 24 मार्च 2026 तक खुला रहेगा।

## भारत की जनगणना 2027 को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर सूचना भवन, गुमला के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शशिन्द्र कुमार बड़ाईक, अपर समाहर्ता-सह-जिला जनगणना पदाधिकारी, गुमला द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्यों को सभी स्तरों पर सावधानीपूर्वक एवं पूर्व निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप संपादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें सटीकता एवं समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है।प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के उप निदेशक, जनगणना केश्या नायक एवं सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-2 श्री राजा शंकर ठाकुर द्वारा किया जा रहा है। वहीं श्रीमती माधुरी बेक, जिला सांख्यिकीपदाधिकारी-सह-अपर जिला जनगणना पदाधिकारी, गुमला द्वारा जनगणना 2027 के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई।बताया गया कि भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में संपादित की जाएगी। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य अप्रैल 2026 से सितंबर 2026 तक किया जाएगा। झारखण्ड राज्य में यह कार्य 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक प्रस्तावित है। जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिसमें पर्यवेक्षक एवं प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से डाटा संग्रहण करेंगे। इसके साथ ही सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से प्रशासनिक स्तर पर कार्यों की निगरानी की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से संबंधित सभी तकनीकी एवं कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 मार्च 2026 से 20 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी (चैनपुर, बसिया, गुमला), जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, सभी चार्ज पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी, तकनीकी सहायक एवं जिला स्तरीय जनगणना कोषांग के कर्मी सम्मिलित हो रहे हैं।

## माराफारी थाना क्षेत्र में अवैध गैस सिलिंडर भंडारण का बड़ा खुलासा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** गुप्त सूचना के आधार पर माराफारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाँसगोड़ा स्थित एक दुकान में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों के भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई को अवैध गैस आपूर्ति के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खलखो एवं माराफारी थाना प्रभारी मो० आजाद खान के नेतृत्व में संदिग्ध दुकान (राजेश स्टोर) में छापेमारी की। जांच के दौरान दुकान के अंदरूनी कक्ष में छुपाकर रखे गए कुल 8 एच.पी. गैस सिलेंडर तथा 19 इंडेन गैस सिलेंडर (खाली) बरामद किए गए। सिलेंडरों को इस प्रकार छुपाकर रखा गया था कि सामान्य जांच में उनका पता लगाना मुश्किल हो सके। छापेमारी के दौरान केवल सिलेंडर ही नहीं, बल्कि गैस से संबंधित कई उपकरण भी बरामद किए गए। इनमें गैस भरने का पाइप, लोहे के औजार तथा अन्य सामग्री शामिल हैं। इन उपकरणों की बरामदगी से यह आशंका जतायी जा रही है कि यहां अवैध रूप से गैस रिफिलिंग या भंडारण का कार्य किया जा रहा था, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत खतरनाक है। मौके से बरामद सभी सिलिंडर एवं उपकरणों को डीएसओ द्वारा विधिसम्मत रूप से जब्त कर लिया गया है।

### भव्य हवन-पूजन व भंडारे के साथ सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

# रावण वध व राम राज्याभिषेक प्रसंग ने श्रोताओं को किया भाव-विभोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** जय सियाराम सत्संग समिति के द्वारा शहर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य समापन सातवें दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंतिम दिन प्रातःकाल विधिवत हवन-पूजन कर कथा का समापन किया गया तथा इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। अंतिम दिन के पूजन का कार्य पंडित अरविन्द पाण्डेय एवं विकास पांडेय ने विधि-विधान के साथ संपन्न कराया। इस दिन के जजमान के रूप में सुजाता जोशी, मनोज जोशी तथा अजय एवं रूबी बर्णवाल उपस्थित रहे। प्रातः 9 बजे आचार्य पंडित रामकरण सहल के सानिध्य में हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भगवान श्रीराम से सुख-समृद्धि, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की। सातवें दिन की कथा में कथावाचक पंडित रामकरण सहल ने भगवान श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों–रावण वध और राम के राज्याभिषेक–का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वनवास काल के दौरान भगवान राम ने अनेक जीवों का उद्धार किया,



जिनमें जटायु और अहिल्या प्रमुख हैं। जटायु के प्रति श्रीराम की करुणा का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने स्वयं उनका अंतिम संस्कार कर मानवता और करुणा का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत किया। कथा के दौरान हनुमान जी के लंका गमन का प्रसंग भी बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। अशोक वाटिका में माता सीता की खोज, वहां फलाहार करना, राक्षसों का संहार, रावण के आदेश पर हनुमान जी को बंदी बनाना और उनकी पूंछ में आग लगाना–इन सभी घटनाओं का सजीव चित्रण कर कथावाचक ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हनुमान जी द्वारा अपनी ज्वलंत पूंछ से लंका दहन करने का प्रसंग सुनकर पूरा पंडाल जय श्रीरामऔर जय सियाराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके उपरांत राम-रावण युद्ध का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक ने कहा कि अंततः अधर्म पर धर्म की विजय हुई और रावण का वध हुआ। इसके बाद भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे, जहां उनके आगमन पर पूरे नगर में दीपोत्सव जैसा उल्लास छा गया। राज्याभिषेक के भव्य दृश्य का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि गुरुजनों और ऋषि-मुनियों की उपस्थिति में भगवान श्रीराम और माता सीता का तिलक कर उन्हें अयोध्या का राजा-रानी बनाया गया। इस प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए और पूरा पंडाल जय सियाराम के जयघोष से गूंजता रहा। कथा के समापन अवसर पर भगवान श्रीराम और माता सीता की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। कथा श्रवण के दौरान अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गयीं और वे भक्ति रस में सराबोर दिखायी दिये। समापन के बाद आयोजित भव्य भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम से सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। कथा श्रवण करने वालों में अनुप जोशी, प्रदीप केडिया, हरि भाई, अरुण मोदी, मनोज केडिया, चन्द्रशेखर जोशी, गिरधारी सोमानी, बबीता केडिया, माला दारूका, अमित खेतान, भूनंदन मोदी, चन्द्रशेखर सोनकर, आशा बर्णवाल, नीलम जोशी, मंजु मोदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## एक झलक

### पावरिका लिमिटेड का आईपीओ 24 मार्च को खुलेगा, प्राइस बैंड 375-395 रुपये प्रति शेयर

**नयी दिल्ली** : पावर सॉल्यूशन प्रदाता कंपनी पावरिका लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 मार्च को खुलेगा। इसमें निवेश करने के लिए निवेशक 27 मार्च तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 375-395 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि उसका 24 मार्च को खुलकर 27 मार्च को बंद होगा। इसमें निवेश करने के लिए बड़े निवेशक 23 मार्च को बोली लगा पाएंगे। पावरिका लिमिटेड ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 375-395 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इसके शेयर 2 अप्रैल को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होंगे। पावरिका लिमिटेड की योजना इस इश्यू के जरिए 1,100 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी का यह आईपीओ 700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 400 करोड़ रुपये तक के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। निवेशक कम से कम 37 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और उसके बाद 37 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। कंपनी इस आईपीओ से प्राप्त राशि में से 525 करोड़ रुपये कंपनी के कर्ज को कम करने में लगाएगी, जबकि शेष का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। ये कंपनी का सार्वजनिक होने का दूसरा प्रयास है। इससे पहले 2019 में पावरिका ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आईपीओ लाने के लिए मसौदा दस्तावेज दाखिल किये थे, लेकिन योजना को बाद में स्थगित कर दिया गया था।

### घरेलू सौर विनिर्माण को मजबूत करने के लिए एएलएमएम ढांचे का विस्तार : जोशी

नयी दिल्ली : केन्द्र सरकार ने सौर सिल्लियों और वेफर्स के लिए अनुमोदित मॉडल और निमार्ता सूची (एएलएमएम) फ्रेमवर्क का विस्तार किया है, जो 1 जून, 2028 से प्रभावी होगा। यह कदम सौर आपूर्ति श्रृंखला में घरेलू मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने, आयात पर निर्भरता कम करने और वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादन केंद्र बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को बताया कि यह भारत के सौर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि इस कदम से घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती बढ़ेगी, आयात पर निर्भरता कम होगी और सौर मूल्य श्रृंखला में उच्च गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित किया जा सकेगा। मंत्रालय के मुताबिक एएलएमएम आदेश का विस्तार करते हुए इंगोट्स और वेफर्स के लिए एएलएमएम सूची-3 को शामिल किया गया है, जो 01 जून से प्रभावी होगा। पहले से चल रही परियोजनाओं की सुरक्षा के लिए उपयुक्त प्रावधान किये गये हैं। एमएनआरई के इस आदेश के तहत मॉड्यूल और सेल के लिए पहले से लागू एएलएमएम सूचियों से अनिवार्य सोर्सिंग आवश्यकताओं को सौर आपूर्ति श्रृंखला में एक कदम आगे बढ़ाते हुए इंगोट्स और वेफर्स को भी शामिल किया गया है, जो वर्तमान में आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। एएलएमएम की शुरुआत के बाद से घरेलू सौर ऊर्जा के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। माना जा रहा है कि मजबूत ग्लोबल संकेतों, कच्चे तेल की कीमत में आई नरमी, आईटी सेक्टर में जम कर हुई खरीदारी और इंडिया वोलैटिलिटी इंडेक्स (इंडिया वीआईएक्स) के स्तर में कमी आने की वजह से शेयर बाजार में आज लगभग पूरे दिन पॉजिटिव माहौल बना रहा। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। पहले 1 घंटे के कारोबार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, रियल्टी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह टेलीकॉम, इंफ्रास्ट्रक्चर, मीडिया, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, मेटल सेक्टर के शेयरों में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स



2.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.67 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े पांच लाखघ करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 438.81 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 433.30 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.51 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,432 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 3,796 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,096 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 140 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,973 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,391 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 582 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 296.71 अंक की मजबूती के साथ 76,367.55 अंक के स्तर पर खुला। पहले एक घंटे के कारोबार के दौरान मुनाफा वसूली होने की वजह से यह सूचकांक गिर कर 76,187.92 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के कारण सेंसेक्स दोपहर दो बजे के थोड़ी देर बाद 929.38 अंक की मजबूती के साथ 77,000.22 अंक के स्तर तक पहुंच गया। कारोबार के आखिरी घंटे में मुनाफा वसूली शुरू हो गई। मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स दिन के ऊपरी स्तर से 296.09 अंक फिसल कर 633.29 अंक की बढ़त के साथ 76,704.13 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 51.75 अंक उछल कर 23,632.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद पहले एक घंटे तक इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे दोपहर ढाई बजे के करीब निफ्टी 281.10 अंक की छलांग लगा कर 23,862.25 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट भी दर्ज की गई।

## सोना हुआ महंगा, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख नजर आ रहा है। बुधवार को कारोबार की शुरूआत में ही हाजिर सोने के भाव में 620 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 680 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हो गया। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,58,090 रुपये से लेकर 1,58,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,44,910 रुपये से लेकर 1,45,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,75,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,58,240 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,58,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,58,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,58,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,58,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,58,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,45,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,58,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,58,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## इस्पात आयात से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए मंत्रालय 23 मार्च को करेगा खुली बैठक

**नयी दिल्ली** : इस्पात मंत्रालय 23 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के नेताजी नगर स्थित जीपीओए-3 की तीसरी मंजिल पर स्थित इस्पात कक्ष में एक खुली बैठक का आयोजन करेगा। इस बैठक में इस्पात आयात से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि कंपनियां और संगठन संबंधित अपने मुद्दों को इस बैठक में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस बैठक में भाग लेने के लिए tech-steel[at]nic[dot]in पर ईमेल भेजकर उपरोक्त तिथि के लिए निश्चित समय स्लॉट प्राप्त किया जा सकता है। मंत्रायल के मुताबिक ई-मेल भेजते समय निम्नलिखित जानकारी शामिल की जा सकती है:- कंपनी/एसोसिएशन का नाम, उद्योग और उत्पाद का प्रकार, जैसे ऑटोमोबाइल /एयरोस्पेस/दूरसंचार/रक्षा, आदि। यह समस्या एसआईएमएस/एसएआरएएल एसआईएमएस और क्यूसीओ छूट से संबंधित है।

## मानवता की सेवा के लिए नीता अम्बानी सम्मानित

- ओड़िशा के मशहूर संस्थान ने प्रदान किया 'ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड 2025'




**नयी दिल्ली** : देश की प्रतिष्ठित हस्ती और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती नीता एम. अम्बानी के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गयी है। भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस (डक्रर) ने उन्हें साल 2025 के प्रतिष्ठित 'ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड' (HumanitarianAward) से सम्मानित किया है। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित एक भव्य समारोह में श्रीमती अम्बानी को यह सम्मान दिया गया। उन्हें यह पुरस्कार नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मोहन मुनसिंघे और KISS व KIIT के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत के हाथों प्रदान किया गया।

यह सम्मान नीता अम्बानी द्वारा रिलायंस फाउंडेशन के माध्यम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये अभूतपूर्व कार्यों के लिए दिया गया है। इनमें शामिल हैं:

- शिक्षा और खेल : बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नये अवसर।
- स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण परिवर्तन : दूर-दराज के इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की पहुंच।
- कला, संस्कृति और महिला सशक्तीकरण : महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और भारतीय विरासत को सहेजने के प्रयास।

इस मौके पर नजारा बेहद खास और उत्साहजनक था। समारोह में लगभग 40,000 जनजातीय छात्रों ने शिरकत की। इन छात्रों ने पारम्परिक नृत्यों और विशेष प्रस्तुतियों के साथ अंबानी का जोरदार स्वागत किया। इस सम्मान ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सामाजिक बदलाव की दिशा में रिलायंस फाउंडेशन की मुहिम जमीनी स्तर पर बड़ा बदलाव ला रही है।

## निर्यात आधारित औद्योगिक समूहों को फिर से मजबूत करने के प्रयास तेज



**नयी दिल्ली** : केन्द्र सरकार ने निर्यात आधारित औद्योगिक समूहों को फिर से मजबूत करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इसलिए निर्यात उन्मुख औद्योगिक समूहों के साथ बैठक में क्षमताओं को बढ़ाने और निर्यात बाजारों में अधिक भागीदारी को सक्षम बनाने पर बल दिया गया। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) ने निर्यात उन्मुख औद्योगिक समूहों के पुनरुद्धार पर हितधारकों के साथ वाणिज्य भवन में एक परामर्श बैठक उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया की अध्यक्षता में की। बैठक में हितधारकों ने बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी अपनाने और घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए समग्र क्लस्टर पुनरुद्धार का आह्वान किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक बैठक में लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को क्लस्टर विकास प्रयासों के केंद्र में रखने पर व्यापक सहमति बनी, जिसमें वित्त तक पहुंच में सुधार, क्षमताओं को बढ़ाने और निर्यात बाजारों में अधिक भागीदारी को सक्षम बनाने पर बल दिया गया। वैश्विक मांग के रुझानों के साथ क्लस्टर विकास को संरेखित करने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की स्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। मंत्रालय ने बताया कि इस परामर्श बैठक ने उद्योग और सरकार के बीच रचनात्मक संवाद के लिए एक मंच प्रदान किया। औद्योगिक क्लस्टर पुनरुद्धार पर बजट घोषणा के कार्यान्वयन में सहयोग के लिए व्यावहारिक अनुशंसाओं को साझा करने में सहायता भी प्रदान की। ये बैठक बजट प्राथमिकताओं को जमीनी कार्रवाई में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चर्चा का मार्गदर्शन एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक रजत कुमार सैनी ने किया, जिन्होंने क्लस्टर विकास ढांचे को परिष्कृत और कार्यान्वित करने के लिए हितधारकों की निरंतर भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

## सालों पहले करुणा मैम ने मेरी ऑन-स्क्रीन मां का किरदार निभाया था



**मुंबई** : सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी दिल छू लेने वाली कहानी और गहराई से जुड़ी पारिवारिक भावनाओं के कारण दर्शकों के बीच गूंज रहा है। मुस्कान के लिए करुणा के साथ दोबारा काम करना एक 'फुल-सर्कल मोमेंट' जैसा है। दोनों कलाकारों ने पहले भी साथ काम किया था, जब करुणा ने मुस्कान की ऑन-स्क्रीन मां का किरदार निभाया था। लगभग एक दशक बाद किस्मत ने उन्हें फिर से एक साथ ला दिया है लेकिन इस बार वे ऐसे किरदार निभा रहे हैं जो अक्सर एक-दूसरे से टकराते हैं। मुस्कान के लिए करुणा के साथ सेट पर लौटना काम से ज्यादा एक मेंटर और को-एक्टर से दोबारा जुड़ने जैसा रहा, जो हमेशा बेहद सपोर्टिव रही हैं। करुणा पांडे के साथ दोबारा काम करने के अनुभव पर मुस्कान बामने ने कहा, पुष्पा इम्पॉसिबल में करुणा मैम के साथ फिर से काम करना मेरे लिए बेहद खास एहसास है। सालों पहले उन्होंने मेरी ऑन-स्क्रीन मां का किरदार निभाया था और अब हम एक बिल्कुल अलग डायनामिक में स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। इसे और दिलचस्प बनाता है कि हमारे किरदार लगातार एक-दूसरे से टकराते रहते हैं। शनाया बागी और ज़िद्दी है, जबकि पुष्पा अनुशासन और मूल्यों में गहरा विश्वास रखती है, इसलिए उनकी पर्सनैलिटी नैचुरली क्लैश करती है।

# सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी M17e 5G

**रांची** : भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज गैलेक्सी M17e 5G को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्मार्टफोन 20 मार्च से Samsung.com, अमेजन और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा, जिसकी शुरुआती कीमत 13,999 रुपये रखी गई है। गैलेक्सी ट सीरीज सैमसंग के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन लाइन-अप में से एक है, और गैलेक्सी ट17ी 5G इसी विरासत को आगे बढ़ाता है। युवा भारतीय उपभोक्ताओं की लगातार बदलती (डायनामिक) जरूरतों को पूरा करने के लिए, यह स्मार्टफोन प्रमुख फीचर्स- एक स्मूथ डिस्प्ले, लंबी चलने वाली बैटरी, दमदार परफॉर्मेंस, शानदार कैमरे और स्मार्ट सॉफ्टवेयर-में भरोसेमंद परफॉर्मेंस और रोजमर्रा के इस्तेमाल की शानदार सुविधा देता है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के डायरेक्टर, अक्षय एस राव ने कहा, गैलेक्सी M17e 5G ऐसे इनोवेशन और अनुभव देता है जो जेन जी के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। मूल्य (वैल्यू) को महत्व देने वाले ये युवा यूजर्स ऐसे डिवाइस चाहते हैं जिनमें लंबी बैटरी लाइफ, स्मूथ ऐप परफॉर्मेंस, हाई-क्वालिटी फोटोग्राफी और प्रोडक्टिविटी (उत्पादकता) बढ़ाने वाले स्मार्ट फीचर्स हों। हाई-रिफ्रेश-रेट डिस्प्ले, बड़ी बैटरी, पावर-एफिशिएंट 5G प्रोसेसर, 50टढ कैमरा सिस्टम, इंटीग्रेटेड एआई टूल्स और लंबे समय तक सॉफ्टवेयर सपोर्ट के साथ, गैलेक्सी M17e 5G एक ऐसा भरोसेमंद स्मार्टफोन अनुभव सुनिश्चित करता है जिसकी इस पीढ़ी को तलाश है। गैलेक्सी M17e 5G में 120Hz रिफ्रेश रेट के साथ 6.7 इंच की स्क्रीन दी गयी है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर स्क्रॉल, स्वाइप और टैप एकदम स्मूथ (निर्बाध) लगे। चाहे आप अपना पसंदीदा ओटीटी कंटेंट स्ट्रीम कर रहे हों या सोशल मीडिया ब्राउज कर रहे हों, इसका डिस्प्ले सटीक रंगों और शार्प क्लैरिटी के साथ विजुअल्स पेश करता है। वाइब वॉयलेट और ब्लिट्ज ब्लू रंगों में उपलब्ध, गैलेक्सी M17e 5G स्लीक लुक और फंक्शनल डिजाइन का एक बेहतरीन संगम है। इसका मजबूत ग्लास फाइबर रेनफोर्स्ड पॉलिमर बैक और धूल व पानी से बचाव के लिए रेटेड टिकाऊ बनावट, इसे एक्टिव लाइफस्टाइल वाले युवा यूजर्स के लिए एक भरोसेमंद साथी बनाती है। वहीं, इसका एर्गोनॉमिक 8.2mm स्लिम प्रोफाइल हाथ में पकड़ने पर एक आरामदायक अहसास देता है। गैलेक्सी M17e 5G आपकी लाइफस्टाइल का साथ निभाने के लिए 6000mAh की दमदार बैटरी के साथ आता है। लंबी कैजुअल गेमिंग से लेकर लगातार फिल्में देखने (बिंज-वॉचिंग मैराथन) और लंबी वीडियो कॉल तक, यह बिना किसी रुकावट के प्रोडक्टिविटी और एंटरटेनमेंट के लिए पूरे दिन पावर देता है।

## पेज एक के शेष

**आज से शुरू होंगे चैत्र नवरात्र, पूरे विधि-विधान से होगी कलश स्थापना...**

इसे नवरात्रि पूजा का सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। इस दिन विधि-विधान से कलश स्थापित कर मां दुर्गा का आह्वान किया जाता है और अखंड ज्योति जला कर नौ दिनों तक पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि सही मुहूर्त में घटस्थापना करने से घर में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। नवरात्र के दौरान अष्टमी और नवमी तिथि का भी विशेष महत्त्व होता है, जब कन्या पूजन किया जाता है।

आइए, जानते हैं इस बार घटस्थापना का शुभ मुहूर्त क्या रहेगा...नौ दिनों में किस दिन मां दुर्गा के कौन से स्वरूप की पूजा की जायेगी...साथ ही, जानेंगे अष्टमी-नवमी की सही तारीख और पूजा से जुड़ी अन्य जरूरी बातें...

**गूंजा राशन डीलरों का कमीशन और आउटसोर्सिंग घोटाले का मुद्दा...**

सरकार को उनकी स्थिति सुधारने के लिए कमीशन बढ़ाना चाहिए। इस पर जवाब देते हुए राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि सरकार की ओर से डीलरों को प्रति यूनिट लगभग डेढ़ रुपये का कमीशन दिया जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को तोड़-मरोड़ कर पेश करने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार डीलरों के हितों को लेकर गम्भीर है और व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है।

**आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में गड़बड़ी का आरोप**

सदन में आउटसोर्सिंग कम्पनियों के जरिये मैनपावर नियुक्ति में अनियमितताओं को लेकर भी हंगामा हुआ। विधायक प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि कई कम्पनियां युवाओं से पैसे लेकर नौकरी दिलाने का काम कर रही हैं, जिससे उनका शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नियमावली तो बनायी है, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। मीडिया में भी इस तरह की खबरें आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण को रोकने के लिए कैबिनेट द्वारा स्पष्ट नियमावली बनायी गयी है। उन्होंने बताया कि विभागों को मैनपावर की जरूरत होने पर जैप आईटी प्रणाली के माध्यम से सूचीबद्ध एजेंसियों का चयन किया जाता है और फिलहाल 14 एजेंसियां पैनल में शामिल हैं।

मंत्री ने कहा कि एजेंसियों का काम योग्यता और अनुभव के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करना है। यदि कोई एजेंसी निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे मांगती है, तो जांच में सही पाये जाने पर उसे ब्लैकलिस्ट किया जायेगा।

बहस के दौरान विधायक प्रदीप यादव ने फिर सवाल उठाया कि नियमावली के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है और पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित की जायेगी।

इस बीच मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी माना कि यह गम्भीर मामला है। उन्होंने कहा कि कई बार आरक्षण रोस्टर का सही तरीके से पालन नहीं हो पाता, जिस पर सख्ती से अंकुश लगाने की जरूरत है।

सरकार की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्तियों में झारखंड के स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने के प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही, विभागीय कार्यों में तेजी लाने के लिए इस व्यवस्था को जरूरी बताया गया, लेकिन इसमें पारदर्शिता और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया।

**धान खरीद, पीडीएस और मुआवजा भुगतान का उठा मुद्दा...**

के मुकाबले 2.5 लाख क्विंटल धान की खरीद की गयी है और किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। मंत्री इरफान अंसारी ने यह भी जानकारी दी कि पूरे राज्य में 60 लाख क्विंटल के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 80 प्रतिशत धान की खरीद पूरी हो चुकी है। उन्होंने विधायक अनन्त प्रताप देव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें सदन की कार्यवाही को बेहतर समझने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि सम्बन्धित क्षेत्र में किसान कम और नेता ज्यादा हैं।

पीडीएस दुकानदारों के कमीशन को लेकर विधायक अमित यादव के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री ने बताया कि दुकानदारों को प्रति किलो 1.50 रुपये का कमीशन दिया जाता है। इसके अतिरिक्त चीनी, नमक, केरोसिन तेल, चना दाल, धोती और साड़ी पर एक रुपये प्रति यूनिट का कमीशन निर्धारित है। उन्होंने कहा कि दुकानों में इस्तेमाल होनेवाले बटखरों का सत्यापन हर दो वर्ष में किया जाता है और भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन लगाने की योजना भी है।

वहीं, विधायक मथुरा महतो ने ओरमांझी क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के तहत मुआवजा भुगतान में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने स्पष्ट किया कि केवल एक नोटिस के आधार पर किसी रैयत का दावा खारिज नहीं किया जा सकता। उन्होंने चार करोड़ रुपये के भुगतान के मामले में उपायुक्त (डीसी) को वंशावली की पुनः जांच कराने और यदि कोई गड़बड़ी पायी जाती है, तो सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

सदन में इन मुद्दों को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली, जबकि मंत्रियों ने सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट करते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

**औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 'भव्य' को मंजूरी...**

परियोजना चयन एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया के माध्यम से किया जायेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल उच्च गुणवत्ता वाले, सुधारोन्मुखी और निवेश के लिए उपयुक्त प्रस्तावों को ही आगे बढ़ाया जाये।

सरकार का मानना है कि भव्य योजना से विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन होने की उम्मीद है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे और साथ ही महत्त्वपूर्ण निवेश को बढ़ावा मिलेगा। यह योजना सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में लागू होगी, जिससे देश भर में लाखों रोजगार के अवसर पैदा होंगे और देशव्यापी औद्योगिक विकास में तेजी आयेगी। इस योजना से विनिर्माण इकाइयां, लघु एवं मध्यम उद्यम, स्टार्टअप और तैयार औद्योगिक अवसंरचना की तलाश रहे वैश्विक निवेशक को लाभ मिलेगा। साथ ही, श्रमिक, लॉजिस्टिक्स प्रदाता, सेवा क्षेत्र के उद्यम और स्थानीय समुदाय को भी इसका लाभ मिलेगा।

**सीसीआई को 1,718 करोड़ की एमएसपी फंडिंग की मंजूरी...**

को यहां केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि एमएसपी संचालन किसानों को आश्वस्त करता है कि बाजार भाव गिरने पर भी उन्हें उचित मूल्य मिलेगा। इससे किसानों को कपास की खेती जारी रखने की प्रेरणा मिलती है और भारत को गुणवत्तापूर्ण कपास उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलती है।

कपास भारत की सबसे महत्त्वपूर्ण नकदी फसलों में से एक है। यह लगभग 60 लाख किसानों की आजीविका का आधार है और करीब 400-500 लाख लोगों को प्रसंस्करण, व्यापार और वस्त्र उद्योग जैसी सहायक गतिविधियों में रोजगार देता है। वर्ष 2023-24 सीजन में कपास की खेती का क्षेत्रफल 114.47 लाख हेक्टेयर आंका गया था, जबकि उत्पादन 325.22 लाख गांठों का अनुमान है, जो वैश्विक कपास उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत है।

**बाराबंकी-बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे को मंजूरी...**

और बहराइच जिलों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। इस परियोजना से मौजूदा सड़क की ज्यामितीय कमियों, तीखे मोड़ों और शहरी क्षेत्रों में होने वाली भारी भीड़भाड़ की समस्या को दूर किया जायेगा। नया हाई-वे प्रमुख आबादी वाले क्षेत्रों को बाईपास करेगा, जिससे यात्रा का समय घटकर लगभग एक घंटा रह जायेगा।

यह हाई-वे लखनऊ से रूपईडीहा कॉरिडोर का हिस्सा होगा और भारत-नेपाल सीमा तक सुगम सम्पर्क प्रदान करेगा। इससे रूपईडीहा लैंड पोर्ट तक पहुंच आसान होगी और दोनों देशों के बीच व्यापार और आवागमन को बढ़ावा मिलेगा।

परियोजना के तहत 48.28 किलोमीटर लंबाई के बाईपास बनाये जायेंगे। यह मार्ग एनएच-27, एनएच-330बी और एनएच-730 सहित कई राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ-साथ राज्य राजमार्गों से भी जुड़ेगा। इसके अलावा, लखनऊ और श्रावस्ती एयरपोर्ट, कई रेलवे स्टेशनों और प्रमुख लॉजिस्टिक एवं आर्थिक केन्द्रों को भी इससे जोड़ने की योजना है।

सरकार ने कहा है कि इस परियोजना से क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, खासकर कृषि व्यापार, पर्यटन और निवेश के क्षेत्रों में तेजी आयेगी। साथ ही, यह परियोजना प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी। परियोजना के पूरा होने के बाद बहराइच और श्रावस्ती जैसे दूर-दराज के जिलों की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

**कैबिनेट ने 2,584 करोड़ रुपये के 'लघु जल विद्युत (एसएचपी) विकास योजना' को मंजूरी दी...**

योजना' को अपनी मंजूरी दे दी है। वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 1500 मेगावाट क्षमता वाली लघु जल विद्युत (एसएचपी) परियोजनाओं की स्थापना के लिए 2584.60 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह योजना अलग-अलग राज्यों में छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट (1-25 मेगावाट क्षमता वाले) लगाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि इससे खास तौर पर पहाड़ी और उत्तर-पूर्वी राज्यों को फायदा होगा, जहाँ ऐसे प्रोजेक्ट की बहुत ज्यादा सम्भावना है।

वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत राज्यों को लगभग 200 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रोत्साहन दिया जायेगा, ताकि भविष्य में लघु जलविद्युत परियोजनाओं की एक श्रृंखला तैयार हो सके। इस प्रकार की डीपीआर तैयार करने के लिए राज्य और केन्द्र सरकार की एजेंसियों को सहायता प्रदान करने हेतु 30 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गयी है।

उन्होंने कहा कि इस योजना से परियोजना निर्माण के दौरान 51 लाख व्यक्ति-दिवस का रोजगार सृजित होगा। इसके साथ ही ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित होने वाली इन एसएचपी (स्मॉल हैंड हीटर) परियोजनाओं के रखरखाव और संचालन में भी रोजगार सृजित होगा। एसएचपी परियोजनाएं विकेन्द्रीकृत होने के कारण लम्बी पारेषण लाइनों की आवश्यकता न्यूनतम होती है, जिससे पारेषण हानि भी कम होती है।

**राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता, जनसेवा सदन के बाहर भी जारी रहती है : मोदी...**

यह व्यवस्था लोकतांत्रिक संतुलन बनाये रखने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि हर दो वर्ष में राज्यसभा के एक बड़े समूह का कार्यकाल समाप्त होता है, लेकिन यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। नये सदस्यों को पुराने सदस्यों के अनुभव का लाभ मिलता है, जिससे सदन की कार्यप्रणाली में निरन्तरता बनी रहती है। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि जो सदस्य अभी सदन में बने रहेंगे, वे नये सांसदों का मार्गदर्शन करेंगे और संस्था को और मजबूत बनायेंगे।

प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि विदाई ले रहे कई सांसदों को पुराने और नये दोनों संसद भवनों में कार्य करने का अवसर मिला, जो उनके सार्वजनिक जीवन की एक विशेष उपलब्धि और यादगार अनुभव रहेगा। उन्होंने कहा कि नये संसद भवन के निर्माण और उसकी कार्यप्रणाली में भागीदारी इन सदस्यों के लिए एक महत्त्वपूर्ण स्मृति के रूप में हमेशा बनी रहेगी।

**आदिवासी कारीगरों को मिलेगा मंच रीसा टाइमलेस ट्राइबल ब्रांड लॉन्च...**

करने का उद्देश्य आदिवासी बुनाई, कढ़ाई और हस्तशिल्प को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाना है, ताकि कारीगरों को बेहतर आमदनी और स्थायी रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि आदिवासी शिल्प को अब तक सही मूल्य नहीं मिल पाया। लोग औने-पौने दाम पर आदिवासी कलाकारों के उत्पाद को खरीदते हैं, लेकिन रीसा जैसे प्लेटफॉर्म बाजार तक पहुंच और उचित लाभ सुनिश्चित करेंगे।

मंत्रालय के मुताबिक इस पहल के पहले चरण में 10 क्लस्टर शामिल किये गये हैं, जिनमें देश की प्रमुख पारम्परिक बुनाई, कढ़ाई और हस्तशिल्प को जोड़ा गया है। इनमें असम की एरी और मुगा सिल्क, लद्दाख की पश्मीना, ओडिशा की कोटपाड़ बुनाई और तमिलनाडु की टोडा कढ़ाई शामिल हैं।

इस परियोजना में कई नामी डिजाइनर भी जुड़े हैं, जिनमें अबु जानी, संदीप खोसला, अंजु मोदी और गौरव जय गुप्ता सरकार ने बताया कि योजना के तहत कारीगरों को प्रशिक्षण, नयी डिजाइन, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और इको-फ्रेंडली पैकेजिंग की सुविधा भी दी जायेगी। यह पहल आदिवासी समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनकी पारम्परिक कला को संरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

